आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 2 जनवरी 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-273 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 03 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

इंस्टाग्राम पर लाइव आकर युवती ने लगाई फांसी

जांजगीर चांपा. छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में 19 वर्षीय युवती ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर आत्महत्या कर ली. इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है. प्रेम प्रसंग की आशंका जताई जा रही है. यह मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के मिसदा गांव का है. घटना 29 दिसंबर की रात की बताई जा रही है. पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर रही है. युवती की फांसी लगाकर खुदकुशी का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. यूजर्स ने इंस्टाग्राम पर यह वीडियो देखा, फिर पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मर्ग कायम कर मोबाइल जब्त किया है. जानकारी के मुताबिक, मृतका अंकुर नाथ के माता-पिता रोजी मजदूरी करने हैदराबाद गए हैं. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की बारीकी से जांच की जा रही है.

बाहरी लोगों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी

कवर्धा,2 जनवरी। प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा आज कवर्धा प्रवास पर रहे. इस दौरान उन्होंने बाहरी लोगों के खिलाफ एक बार फिर बयान देते हुए कहा कि अब तक पूरे प्रदेश में 2000 से अधिक लोगों की पहचान हो चुकी है, जो अपनी पहचान छुपा कर यहां रह रहे हैं, और पता नहीं कौन से गतिविधियों में सम्मिलित हैं. ऐसे लोगों की लगातार शिनाख्त की जा रही है. डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा, कई लोग तो अब तक भाग चुके हैं. वहीं दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि अपने वोट बैंक बढ़ाने के चक्कर में उन्हें बाकी जनता की सुरक्षा की चिंता ही नहीं है. हम किसी विषय पर ध्यान नहीं भटका रहे.

महाकाल के दर्शन कर लौट रही बस ट्रोले में घुसी, 20 घायल

दौसा ,2 जनवरी । दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण नांगल राजावतान थाना क्षेत्र के लाडली का बास के पास पिलर नंबर 198 पर भीषण सड़क हादसा हुआ। उज्जैन से महाकाल के दर्शन कर दिल्ली लौट रहे यात्रियों से भरी बस ने आगे चल रहे ट्रोले को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 20 लोग घायल हो गए, जिनमें से 12 की हालत गंभीर है। हादसा सुबह करीब 5.30 बजे हुआ। बस में 36 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस की केबिन पूरी तरह चकनाचूर हो गई। बस के पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने भी बस को टक्कर मार दी, जिससे बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गया। घायलों को तुरंत दौसा के जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 12 गंभीर रूप से घायलों को जयपुर रेफर कर दिया गया। घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी, जो इस हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। हादसे की सूचना पर दौसा डीएसपी चारुल गुप्ता भी मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्यों का जायजा लिया। पुलिस ने मौके से क्षतिग्रस्त बस और ट्रक को हटाकर यातायात बहाल किया।

एनडीए से अलग होंगे नीतीश कुमार?

पटना,2जनवरी। नया साल शुरू होने के साथ ही बिहार का राजनीतिक परिदृश्य अटकलों और अनिश्चितता से भर गया है। ऐतिहासिक रूप से, मकर संक्रांति के बाद की अवधि अक्सर राज्य में बड़े राजनीतिक परिवर्तनों की शुरुआत करती है। हाल के घटनाक्रमों से पता चलता है कि यह परंपरा 2025 में दोहराई जा सकती है, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गठबंधन में बदलाव की सुगबुगाहट है। नीतीश की हालिया दिल्ली यात्रा ने सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां उन्होंने पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह के परिवार को सम्मान दिया, वहीं उन्होंने भाजपा नेताओं से मिलने से परहेज किया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बुलाई गई एक महत्वपूर्ण बैठक में भी शामिल नहीं हुए। वहीं, लालू यादव के बयान में हलचल और भी बढ़ा दी है। लालू यादव ने कहा है कि नीतीश कुमार के लिए राजद के दरवाजे खुले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नीतीश कुमार को भी अपने दरवाजे खुले रखने चाहिए। इतना ही नहीं, लालू ने यहां तक कह दिया कि नीतीश कुमार भले ही भाग जाएं लेकिन

हमने उन्हें माफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को माफ करना उनका कर्तव्य है। अब जदयू का बयान सामने आया है। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि हम एनडीए के साथ हैं और पूरी मजबूती के साथ हैं। लोग क्या कहते हैं, मैं उस पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लोग जो चाहें कह सकते हैं। वहीं, लालू प्रसाद यादव के बयान के बारे में पूछे जाने पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने एकदम खामोश रहे। बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार लालू प्रसाद यादव को अंदर से जानते हैं। लालू प्रसाद यादव बस डरे हुए हैं। लालू प्रसाद यादव के इस बयान पर कि सीएम नीतीश कुमार के लिए गठबंधन के दरवाजे हमेशा खुले हैं पर तेजस्वी यादव ने कहा कि आप उनसे यह पूछते रहिए, वह और क्या कहेंगे? उन्होंने यह बात आप सभी को शांत करने के लिए कही है। तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए अपने पिता से अलग रुख दिखाया है। तेजस्वी यादव ने बुधवार को दावा किया कि नए साल में बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की विदाई तय है।

बेटी के बाद अब मां की मिली लाश

रायपुर,2 जनवरी। राजधानी से लगे धनेली में बीते दो दिन में मां और बेटी की अलग-अलग जगह से लाश मिली है. बीते दिन 1 जनवरी को रायपुर-बिलासपुर रोड किनारे नाली में एक किशोरी की लाश मिली थी. वहीं आज किशोरी की मां भी घर में मृत पाई गई. मां-बेटी की मौत को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई है. आशंका जताई जा रही है कि मां-बेटी की एक ही जगह पर हत्या कर दोनों के शव को अलग-अलग फेंका गया है. पूरा मामला खमतराई थाना क्षेत्र है. जानकारी के मुताबिक, मृत महिला का नाम हामिद बेगम है. सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक

रिसर्च की टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मृत महिला के शव को पीएम के लिए भेज दिया और घटना की जांच में जुटी हुई है

देवेंद्र यादव का होगा ऑपरेशन

रायपुर,2 जनवरी। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव बीते 5 दिनों से राजधानी के DKS अस्पताल में भर्ती हैं. बलौदाबाजार हिंसा मामले में वे जेल में बंद थे, इस दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. प्राथमिक उपचार होने के बाद आज उनके ऑपरेशन किये जाने की तैयारी चल रही है. विधायक यादव को हर्निया और हाइड्रोसील बीमारी के इलाज के लिए सेंट्रल जेल से दाऊ कल्याण सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. ऑपरेशन से पहले उनके मेडिकल फिटनेस को लिए उन्हें दो दिन पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल भेजा गया था. जहां सारे जांच किए जा रहे हैं. मेडिसिन विभाग से आज मेडिकल फिटनेस रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टर्स उनका ऑपरेशन करेंगे. बता दें, 2024 में छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में सबसे बड़ी आगजनी और हिंसा की घटना हुई थी. इस घटना में कलेक्ट्रेट और स्क्क कार्यालयजलाकर खाक कर दिए गए थे और शहर में भी काफी हिंसा हुई थी. विधायक देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार में हिंसा भड़काने के आरोप में जेल में बंद किया गया है. इसी बीच उनकी तबीयत बिगड़ने पर उपचार के लिए उन्हें छ्यस अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

ईडी ने लखमा को भेजा समन, 3 को होगी पूछताछ

रायपुर,2 जनवरी। शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मंत्री व कोंटा से कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को पूछताछ के लिए समन भेजा है। कवासी लखमा शुक्रवार को ED दफ्तर में पेश होंगे। वहीं इस मामले को लेकर कवासी लखमा ने कहा कि, मैं कानून को मानता हूं, मैं पूरी जानकारी दूंगा। जो आरोप लगाए गए हैं उनका कल ईडी को जवाब देंगे। जो दस्तावेज मांगे गए हैं वह भी ED को देंगे। कवासी लखमा वर्तमान में कोंटा विधानसभा से विधायक है। दरअसल, ED की टीम ने पिछले दिनों कोंटा विधायक कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश कवासी के घर दबिश दी थी। इस दौरान श्वष्ठ ने सुकमा-कोंटा और रायपुर स्थित छापा मारा था। जिसको लेकर कवासी लखमा ने कहा था कि, मैं अनपढ़ हूं अधिकारियों ने गड़बड़ी की है। मुझको अंधेरे में रखा गया मुझे इस घोटाले के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने ED के एक्शन को बदले की कार्रवाई कहा था। उन्होंने था कहा कि, उनका और उनके बेटे का मोबाइल ED के अफसर अपने साथ ले गए थे।

शनिवार रात आठ बजे तक ईडी की टीम घर पर थी, मेरे घर से एक कागज का टुकड़ा तक नहीं मिला है। बेड बिस्तर, चूल्हा सभी जगह जांच किए। आगे कहा कि, पूरा घर चेक किए लेकिन 100 रुपये भी नहीं मिला। कितना संपत्ति है पूछ रहे थे।

निगमों में प्रशासक की नियुक्ति पर भूपेश बघेल ने कहा : चुनाव से डर रही सरकार

रायपुर,2 जनवरी। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर ईडी की कार्रवाई को लेकर सियासत गरमाई हुई है. पूर्व मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने वाले द्दस्र की ट्वीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एजेंसियों पर देश में लोगों को प्रताड़ित और बदनाम करने का आरोप लगाया है. बघेल ने कहा, ये सिर्फ लोगों को बदनाम करते हैं. पूरे देश में ये एजेंसी यही काम कर रही. अभी तक चालान ही प्रस्तुत नहीं कर पाए. चालान प्रस्तुत कर बताएं कि क्या साक्ष्य मिला है. छत्तीसगढ़ के नगर निगमों में प्रशासक की नियुक्ति को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, बहुमत के बल पर चुनाव को आगे बढ़ाने विधानसभा में संशोधन विधेयक लाकर पारित किया. अभी निगमों में प्रशासक बैठे हैं. एक महीने बाद पंचायतों का कार्यकाल भी समाप्त हो जाएगा. वहां भी प्रशासक बैठेंगे. एक देश एक चुनाव की बात करते हैं. स्थानीय चुनाव नहीं करा पा रहे, चुनाव से सरकार डर रही है. बघेल ने कहा, चुनाव को आगे बढ़ाने का असंवैधानिक कृत्य भाजपा सरकार ने किया है. इससे स्पष्ट है कि ये लोग संविधान को नहीं मानते.

नए साल में बिकी 10 करोड़ की शराब 2 लाख किलो चिकन भी डकार गए लोग

रायपुर,2 जनवरी। नए साल के जश्न ने इस बार पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। 31 दिसंबर को रायपुर जिले में शराब और चिकन की बिक्री में जोरदार इजाफा हुआ। कुल मिलाकर 10 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई, जिसमें सबसे ज्यादा हिस्सा विदेशी शराब की बिक्री का रहा। वहीं, दो दिनों में लोगों ने 3 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत का दो लाख किलो चिकन चट कर लिया।

पिछले साल के मुकाबले इस साल शराब की बिक्री में 15-20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। 2023 में 31 दिसंबर को लगभग 8 करोड़ रुपये की शराब बिकी थी, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 10 करोड़ को पार कर गया। कीमतों में वृद्धि के कारण आबकारी विभाग को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ।

शहर में फार्महाउस और होटलों में शराब परोसने के लिए 37 लोगों को विशेष लाइसेंस जारी किए गए। इनमें एक रिसोर्ट के साथ कई होटल और रेस्टोरेंट शामिल थे। पोल्ट्री एक्सपर्ट डॉ. मनोज शुक्ला के अनुसार, 31 दिसंबर और 1 जनवरी को रायपुर में 2 लाख किलो चिकन की बिक्री हुई। प्रदेश में कुल 6 लाख किलो चिकन बिकने का अनुमान है, जिसमें 30 प्रतिशत अकेले रायपुर जिले से था। बुधवार को चिकन की मांग इतनी अधिक रही कि दुकानों के बाहर लंबी कतारें देखी गईं। जश्न के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने बड़े आयोजन स्थलों पर ड्रोन निगरानी की। एसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर आयोजनों में सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। पुलिस ने बताया कि इस बार न तो किसी बड़ी झड़प की सूचना मिली, न ही कोई विवाद सामने आया। 24 प्रमुख स्थानों पर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नजर रखी। हर साल आखिरी दिन होने वाले झगड़े और अपराधों को रोकने के लिए पुलिस ने एक सप्ताह पहले ही बदमाशों को पकड़कर समझाइश दी।

आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को नहीं मिली राहत

ढाका,2 जनवरी। चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को झटका देते हुए, बांग्लादेश की एक चट्टोग्राम अदालत ने गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हुई सुनवाई के दौरान जमानत देने से इनकार कर दिया। दास, जो बांग्लादेश सैमिलिटो सनातन जागरण जोते समूह के सदस्य हैं, इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) से जुड़े हैं। चिन्मय कृष्ण दास को दो जनवरी को बांग्लादेश की एक अदालत में पेश किया गया। उन्हें 25 नवंबर को चटगांव में दर्ज राजद्रोह के एक मामले में ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था।द डेली स्टार ने मेट्रोपॉलिटन लोक अभियोजक वकील मोफिजुर

हक भुइयां का हवाला देते हुए बताया कि चैटोग्राम मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश एमडी सैफुल इस्लाम ने लगभग 30 मिनट तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पहले गुरुवार को हाई-प्रोफाइल मामले में चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का प्रतिनिधित्व करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के 11 वकीलों की एक टीम सुबह करीब 10:15 बजे (स्थानीय समय) अदालत पहुंची। रिपोर्ट के अनुसार, उनके प्रयासों के बावजूद, अदालत का फैसला उनकी याचिका के खिलाफ गया। 25 नवंबर को उनकी गिरफ्तारी से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिसकी परिणति 27 नवंबर को चैटोग्राम कोर्ट बिल्डिंग के बाहर उनके अनुयायियों और कानून प्रवर्तन के बीच हिंसक झड़पों में हुई, जिसके परिणामस्वरूप एक वकील की मौत हो गई। बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना नीत अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से अशांति बनी हुई है तथा देश के 50 से अधिक जिलों में सैकड़ों हमले हो चुके हैं। बांग्लादेश की कुल 17 करोड़ की आबादी में आठ प्रतिशत हिंदू हैं।

मनु भाकर को मिला खेल रत्न

नई दिल्ली। भारत सरकार ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा कर दी है. स्टार शूटर मनु भाकर समेत चार प्रमुख खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार देने का फैसला किया है. इसमें ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, शतरंज के विश्व चैम्पियन डी गुकेश, भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार शामिल हैं. मनु भाकर के नाम को लेकर पिछले कई दिनों से काफी विवाद हुआ जिसमें पहले ये कहा गया था कि उनके नाम की अनुशंसा नहीं की गई है. फिलहाल अब उनके भी नाम का ऐलान कर दिया गया है. असल में ये पुरस्कार 17 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष समारोह में भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए जाएंगे. खेल मंत्रालय ने समिति की सिफारिशों और विस्तृत जांच के बाद इन खिलाड़ियों का चयन किया है.

32 खिलाड़ियों को मिला अर्जुन पुरस्कार..इसके अलावा खेल मंत्रालय ने 2024 के अर्जुन पुरस्कार के लिए 32 खिलाड़ियों को चुना है, जिसमें 17 पैरा एथलीट शामिल हैं. इन पुरस्कारों के जरिए सरकार ने खिलाड़ियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करने का प्रयास किया है. खेल मंत्रालय ने कहा कि यह पुरस्कार न केवल खिलाड़ियों की मेहनत और लगन का प्रमाण है, बल्कि युवा पीढ़ी को प्रेरणा भी प्रदान करता है. पुरस्कार समारोह में विभिन्न कोच, विश्वविद्यालय और संस्थानों को भी सम्मानित किया जाएगा.

तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवारों को रौंदा, 3 की मौत

बलौदाबाजार,2 जनवरी। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें 3 लोगों की जान चली गई. यह हादसा कसडोल थाना क्षेत्र के कलमीडीह गांव में हुआ, जहां तेज रफ्तार हाईवा ने मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को रौंद दिया. हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर कसडोल पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर तीनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना कर आगे की कार्रवाई में जुट हुई है. जानकारी के मुताबिक, तीनों युवक की पहचान महराजी अर्जुन गांव

निवासी के रूप में हुई है. मृतकों के नाम मृत युवकों में राजु कर्ष (23 वर्ष), पिता समारू कर्ष, परमेश्वर पैकरा (22 वर्ष) और दुर्गेश कर्ष ग्राम महराजी है. वे नए साल के मौके पर तुरतुरिया गए हुए थे, वहां से एक ही बाइक पर सवार होकर वे गांव लौट रहे थे. इसी दौरान रात लगभग 12 बजे यह भीषण हादसा हो गया, जिसमें तीनों की दर्दनाक मौत हो गई. प्रशासन की ओर से तत्काल सहायता के रूप में 25-25 हजार रूपए की राशि मृत युवकों के परिजनों को दी गई है.

11 माओवादियों ने किया गढ़चिरौली में आत्मसमर्पण

नई दिल्ली ,2 जनवरी । महाराष्ट्र में नक्सलवाद और माओवादियों के खिलाफ देवेंद्र फडणवीस की सरकार एक्शन मोड में है। गढ़चिरौली में 11 नक्सलियों ने नए साल के पहले दिन आत्मसमर्पण कर दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे महाराष्ट्र सरकार के प्रयासों का फल बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। लिखा, मैं महाराष्ट्र सरकार द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना करता हूं। इससे निश्चित रूप से जीवन की सुगमता बढ़ेगी और और भी अधिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। गढ़चिरौली और आस-पास के क्षेत्रों के मेरे बहनों और भाइयों को विशेष बधाई।

इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर कहा, गढ़चिरौली में माओवादियों का प्रभाव था। यहां माओवादियों के प्रभाव को खत्म कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाला रास्ता और पुल तैयार किया गया है। यहां पर 75 साल बाद लोगों को एसटी बस देखने को मिलेगी।

नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन पर उन्होंने कहा कि गढ़चिरौली में अब नए लोग माओवादियों के संगठन में शामिल नहीं हो रहे हैं। जल्द ही राज्य नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। हम लोगों ने इस ओर कदम बढ़ा दिया है। गढ़चिरौली ऐसा पहला जिला बना दिया गया है।

आप सरकार ने किसानों के हित में केंद्र की योजनाओं को लागू होने से रोका : शिवराज

नई दिल्ली ,2 जनवरी । केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार में किसानों के लिए कोई संवेदना नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने गुरुवार को सीएम आतिशी को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने किसानों के हित में केंद्र की योजनाओं को लागू करने से रोका गया है।

आतिशी को लिखे पत्र में शिवराज ने कहा, अत्यंत दुख के साथ आपको यह पत्र लिख रहा हूं। आप ने दिल्ली में किसानों के हित में कभी उचित निर्णय नहीं लिए। केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को भी आप की सरकार द्वारा दिल्ली में लागू करने से रोका गया है। आपकी सरकार में किसानों के लिए कोई संवेदना नहीं है। आज दिल्ली के किसान भाई-बहन परेशान और चिंतित है। दिल्ली सरकार द्वारा केंद्र की अनेक किसान कल्याणकारी योजनाओं को लागू नहीं किये जाने से किसान भाई-बहन इन योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। मैंने पूर्व में भी आपको पत्र लिखकर दिल्ली के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था लेकिन यह चिंता का विषय है कि आपकी सरकार ने इन समस्याओं का कोई निराकरण नहीं किया है।

उन्होंने आगे कहा कि विगत 10 वर्षों से दिल्ली में आप की सरकार है लेकिन सदैव यह प्रतीत हुआ है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किसान भाई बहनो के साथ सिर्फ धोखा किया है और चुनावों से पहले बड़ी बड़ी घोषणाएं कर उनका राजनीतिक लाभ लिया है। केजरीवाल ने सरकार में आते ही हमेशा जनहितैषी निर्णयों को लेने के स्थान पर अपना रोना रोया है। आपकी सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण केंद्र सरकार के एकीकृत बागवानी विकास मिशन को लागू नहीं किया गया है। मिशन के लागू न होने से किसान भाई-बहन नर्सरी और टिशू कल्चर की स्थापना, रोपण सामग्री की आपूर्ति, फसल उपरांत प्रबंधन के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण, नए बाग, पाली हाउस एवं कोल्ड चैन की सब्सिडी सहित अनेक योजनाओं के लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

पत्र में आगे लिखा गया है, आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को भी लागू नहीं किया गया है। इस योजना को लागू नहीं करने से किसान भाई बहनों का नुकसान हुआ है, क्योंकि इस योजना के माध्यम से राज्य अपनी विशिष्ट परियोजनाएं शुरू कर सकते हैं। साथ ही केंद्र की अन्य परियोजनाओं को शामिल करने की स्वतंत्रता भी मिलती है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को लागू नहीं होने के कारण कृषि मशीनीकरण, सूक्ष्म सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य, फसल अवशेष प्रबंधन, परंपरागत कृषि विकास योजना, कृषि वानिकी और फसल डायवर्सिफिकेशन के लिए सब्सिडी जैसी योजनाओं का लाभ दिल्ली के किसान नहीं ले पा रहे हैं।

केंद्र सरकार के बीज ग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत बीजों के वितरण, बीज परीक्षण, प्रयोगशालाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, बीज प्रमाणीकरण एजेंसियों की सहायता, बीजों की पारंपरिक किस्म के लिए सहायता और बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी जैसे लाभ मिलते है लेकिन यह चिंताजनक है कि आप की सरकार के द्वारा बीज ग्राम कार्यक्रम को दिल्ली में लागू नहीं किया गया और यहां के किसान भाई बहन बीज ग्राम कार्यक्रम के लाभ से वंचित हो रहे हैं। दिल्ली में न सिर्फ केंद्र सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं को आपने लागू नहीं किया है बल्कि आपकी नीतियां भी कृषि एवं किसान विरोधी रही है। शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा, मुझे दिल्ली के किसानों ने बताया है कि दिल्ली में किसानों के ट्रैक्टर, हार्वेस्टर जैसे आवश्यक कृषि उपकरणों का पंजीकरण कमर्शियल व्हीकल श्रेणी में किया जा रहा है

कासगंज के चर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड में आया एनआईए कोर्ट का फैसला, 28 आरोपी दोषी, 2 बरी

लखनऊ,2 जनवरी। एनआईए कोर्ट ने कासगंज के चर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड में फैसला सुना दिया है। चंदन हत्याकांड में 28 आरोपी दोषी ठहराए गए। दो आरोपी संदेह का लाभ देकर बरी किए गए। सजा के प्रश्न पर सुनवाई होनी है। हो सकता है कि कोर्ट सजा के लिए कोई नई डेट दे। अभियोजन पक्ष के विशेष अधिवक्ता के मुताबिक 26 जनवरी 2018 को कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान हुए विवाद में चंदन गुप्ता उर्फ अभिषेक गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना की रिपोर्ट पिता सुशील गुप्ता ने 26/27 जनवरी की रात 12:17 बजे कासगंज थाने में दर्ज कराई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक गणतंत्र दिवस के मौके पर निकाली गई तिरंगा यात्रा में चंदन उर्फ अभिषेक गुप्ता अपने भाई विवेक गुप्ता तथा अन्य साथियों के साथ शामिल था। आरोप लगाया कि जुलूस तहसील रोड होते हुए जैसे ही राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के गेट के सामने पहुंचा तभी हथियारों से लैस होकर योजना बद्ध तरीके से पहले से घात लगाए सलीम, वसीम व नसीम पुत्रगण बरकतुल्लाह उर्फ बरकी तथा जाहिद उर्फ जग्गा, आसिफ कुरैशी उर्फ हिटलर,असलम कुरैशी, असीम कुरैशी, नसीरुद्दीन, अकरम, तौफीक,खिल्लन, शबाब राहत, मो. नवाब मोहसिन, आसिफ जिम वाला, साकिब, बबलू, नीशू व वासिफ तथा अन्य लोगों ने रास्ता घेरकर रोक लिया तथा हाथों से तिरंगा छीनकर जमीन पर फेंकते हुए पाकिस्तान जिंदाबाद व हिंदुस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए हथियार तानकर धमकी दी कि अगर इस रोड से निकलना है तो पाकिस्तान जिंदाबाद कहना होगा। अदालत कोई यह भी बताया गया कि जब चंदन व अन्य लोगों ने इसका विरोध किया तो सभी लोगों ने जान से मारने की नीयत से पथराव व फायरिंग करना शुरू कर दिया। आरोपी सलीम ने चंदन को निशाना बनाकर गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा आरोपियों की फायरिंग से अन्य कई लोग भी घायल हुए। चंदन को उसका भाई विवेक किसी तरह से जान बचाते हुए पहले थाना कासगंज गया फिर वहां से इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल ले गया जहां पर डॉक्टरों ने चंदन को मृत घोषित कर दिया। इस मामले की स्थानीय पुलिस द्वारा विवेचना प्रारंभ की गई थी लेकिन घटना की

एक नजर

सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

भिलाई, 2 जनवरी। भिलाई ट्रेफिक मुख्यालय नेहरू नगर भिलाई में दुर्ग सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया जो 31 जनवरी तक चलेगा इसमें आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने जागरूक किया जाएगा पहले दिन यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया शुभारंभ अवसर पर विभाग ने बैनर पोस्टर के माध्यम से समस्त ट्रेफिक नियमों का प्रदर्शन किया गया एलईडी स्क्रीन से ट्रेफिक नियमों की जानकारी व शार्ट फिल्म को भी प्रदर्शित किया गया यातायात पुलिस ने चौक चौराहों में नियमों का पालन जैसे दो पहिया वाहन में हेलमेट लगाकर कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाकर वाहन चालकों का गुलाब देकर सम्मान किया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ट्रेफिक) ऋचा मिश्रा ने बताया कि एक माह तक चलने वाले सडक सुरक्षा के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी उन्होंने ट्रेफिक पुलिस नियमों के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने, चौक-चौराहों व हाट बाजार, भीड़?भाड़ वाले क्षेत्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण चौपाल के आयोजन के साथ-साथ एलईडी स्क्रीन के साथ पीए सिस्टम के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, शराब सेवन न वाहन ना चलाने जागरूक किया जाएगा साथ ही स्कूल कालेजों में रंगोली-पेंटिंग, निबंध स्पर्धा के साथ यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

वतन मेरा घर 21 दिवसीय योग तपस्या कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

भिलाई, 2 जनवरी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नये वर्ष में 1 से 21 जनवरी तक स्व उन्नति हेतु संचालित किए जाने वाले अव्यक्त मास 21 दिवसीय योग तपस्या कार्यक्रम वतन मेरा घर का सेक्टर 7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में ब्रह्माकुमारी दीदियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारम्भ किया गया। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने वतन मेरा घर योग कार्यक्रम के संदर्भ में बताते हुए कहा कि परमात्मा शिव के रहने का धाम अर्थात परमधाम, जहां पर हम मन के द्वारा पहुंच सकते हैं। मन की एकाग्रता द्वारा हम जितना इसका अभ्यास करेंगे। हमारे अंदर उस परमधाम निवासी परमात्मा की शक्तियां प्रवाहित हो स्वयं तथा हमारे द्वारा दूसरों का भी परिवर्तन होकर प्रकृति के पांचों तत्वों को भी सुख शांति की प्राप्ति होती है। इसलिए इस वतन मेरा घर योग कार्यक्रम पूरे जोन (इंदौर, उड़ीसा, छत्तीसगढ़,राजस्थान को मिलाकर बने इंदौर जोन) में एक साथ प्रारंभ हुआ है। एक साथ संगठित रूप से 21 दिनों तक इस योग को करने से मेहनत कम सफलता ज्यादा रहती है।

बिजली योजना रजिस्ट्रेशन के साथ घर-घर आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा

दुर्ग, 2 जनवरी। नगर पालिक निगम।जिला कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश और कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत क्रमांक अनुसार सभी वार्डों में शिविर के माध्यम से या घर-घर जाकर शेष बचे हितग्राही एवं 70+ वर्ष की आयु के बाद वाले का आयुष्मान कार्ड के साथ- साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का आवेदन भराये जाने के लिए छ्वङ्क-हरूू योजनांतर्गत कार्यरत् सामुदायिक संगठकों की ड्यूटी 08 वार्डो में दिनांक 01 एवं 03 जनवरी 2025 को ड्यूटी लगाई गई है।सिटी मिशन प्रबंधक मुक्तेश कान्हे एवं मनीष कुमार त्रिपाठी की ड्यूटी मानिटरिंग कर समय-समय पर दिये गये निर्देश के पालन करेंगें।बता दे कि वार्ड क्रमांक 39 कचहरी वार्ड,पोटिया कला दक्षिण वार्ड 54,मोहन नगर वार्ड क्रमांक 12 पश्चिम,नया पारा वार्ड क्रमांक 01,सिविल लाइन वार्ड क्रमांक उत्तर 47,कसारिडीह पश्चिम वार्ड क्रमांक 42 के अलावा शहीद भगत सिंग उत्तर वार्ड क्रमांक 20 सहित स्टेशन पारा वार्ड क्रमांक 22 में शिविर के माध्यम से या घर-घर जाकर शेष बचे हितग्राही एवं 70+ वर्ष की आयु के बाद वाले का आयुष्मान कार्ड के साथ- साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का आवेदन भराया जाएगा।पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के रजिस्ट्रेशन साथ साथ, घर -घर आयुष्मान कार्ड का भी बनाया जाएगा ।

आयुक्त ने विभागों में जाकर सभी को नववर्ष की दीं शुभकामनाएं, अच्छे से कार्य करने के लिए किया प्रेरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 2 जनवरी। नगर पालिक निगम भिलाई में नववर्ष को सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा स्वयं जाकर आयुक्त को बधाई देने की परंपरा रही है। इस बार आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं। सभी कर्मचारियो से क्या काम करते हो, किस प्रकार का कार्य चल रहा है आदि के बारे में बातचीत किए। राजस्व, संपत्तिकर विभाग के अधिकारी/कर्मचारियो को अधिक से अधिक राजस्व बढ़ाने को कहा। जिससे निगम की आर्थिक स्थिति ठीक हो, कर्मचारियो से संबंधित सभी भुगतान एवं अन्य भुगतान समय पर हो सके। नववर्ष में हम सब संकल्प ले, कार्यालय समय पर आये अपने कार्यों का निष्पादन करें। जनता के साथ सद्भाव के साथ बातचीत करें। सभी को उनके प्रश्नों का उत्तर मिलना चाहिए। मुख्य कार्यालय के काउंटर शाखा में जाकर देखा, कि वहां पर बुर्जुगो, दिव्यांगो आदि के बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए भवन संधारण के दौलत चंद्राकर को आगन्तुको के आने पर काउंटर के पास बैठने की व्यवस्था शीध्र करने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना जनता से जुड़ा हुआ प्रमुख विभाग है सभी को समय अवधि में सभी प्रक्रियाओ को करते हुए मकान प्रदान करने के लिए निर्देशित किए। महापौर नीरज पाल ने भी सभी अधिकारी/कर्मचारियों से नववर्ष में मिले और सबको शुभकामनाएं देते हुए कहे कि सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ को लोगो तक पहुंचाना है। जो भी जनता विभाग में अपने कार्य के लिए आये उसको हर चीज की जानकारी अच्छे से दिया जाये। जिससे उसको दुबारा आने की आवश्यकता न पड़े, वह संतुष्ट होकर जाए। हम सब जनता के सेवक है।

घोरपेन्ड्री में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 2 दिसंबर। 18 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक मनाये जाने वाले गुरु पर्व में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट विकास खंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत घोरपेन्ड्री में आयोजित परमपूज्य बाबा गुरुघासीदास जी की 268 वीं जन्म जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए , कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा राम कुर्रे अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत पंडरिया ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्व श्री बालमुकुंद चंद्रवंशी अध्यक्ष भा ज पा मंडल कुंडा उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, महेंद्र धृतलहरे जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा, मनोज जांगड़े सरपंच ग्राम पंचायत घोरपेन्ड्री उप सरपंच लीलवा चंद्राकर, बलभद्र चंद्राकर उपस्थित रहे ।पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व अपने छेत्रीय जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट को अपने बीच पाकर ग्राम वासियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया । उक्त अवसर पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए भट्ट ने कहा कि सन 1756 में महान संत परम् पूज्य बाबा गुरु घासी दास जी सतपुरुष के रूप में अवतरित हुए और समाज में व्याप्त जाति पाती छुआ छूत ऊंच नीच के भेद भाव जैसे कुरूतियों को मिटाकर समाज को सादा जीवन उच्च विचार को लेकर जीवन मे आगे बढ़ने की सीख दी । बाबा जी ने मानवकल्याण के लिए मानव समाज को अनेक सतमार्ग दिखाए ।उन्होंने आगे कहा कि बाबा जी आदर्शों को जीवन में चरितार्थ करने के लिए समाज के युवा पीढ़ियों में शिक्षा आवश्यक है ,शिक्षा से संस्कार और संस्कार से समाज की तरक्की निश्चित है अतःआप सभी से आग्रह है बेटा हो या बेटी शिक्षित कर समाज को संस्कारिक बनाये । उक्त अवसर पर आयोजित सभा को अन्य अतिथियों ने भी सम्बोधित कर बाबा जी के जीवन चरित्र का बखान किये । उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय दिवाकर भंडारी, धन्नू टण्डन, योगेश्वर दिवाकर, रामसहाय, जगदीश, जगनू, सुखचैन, फूलचंद, अरविंद, चन्दू, परमेश्वर आदि सहित भारी संख्या में समाज के वरिष्ठ जन व ग्राम वासी उपस्थित रहे ।

प्रांतवाद से दूर बेमिसाल है भिलाई स्टील प्लांट का वर्क कल्चर:पटेल

भिलाई, 2 जनवरी । भिलाई स्टील प्लांट के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने एवं बनाये रखने में यहाँ की टीम भावना सबसे महत्वपूर्ण है। बीएसपी की दीर्घ सेवा से अवकाश प्राप्त कर खेती-किसानी में लगे समीपस्थ ग्राम खोपली के निवासी मोहनलाल पटेल ने उक्त बातें बताते हुए कहा कि लोहा ढालने वाली मशीनों में काम करते यह टीम भावना भी वर्क कल्चर के रूप में ढलती गयी, जिसकी मिसाल दी जा सकती है। यही आप अन्य प्लांटों में देख लीजिये, नहीं मिलेगा। बोकारो, राउरकेला, दुर्गापुर और भिलाई के वर्क कल्चर में बहुत अंतर है। वहां प्रांतीयतावाद अधिक था। दुर्गापुर में जहाँ बंगाल के कर्मचारी थे तो दुर्गापुर में बिहार के और राउरकेला में उड़ीसा की बहुतायत। जबकि भिलाई स्टील प्लांट में भारत के सभी प्रान्तों के लोग आकर काम में लगे इसलिए प्रांतवाद नहीं पनपा। अनेक संस्कृतियों का संगम हुआ और वे सब मजबूती से एक हुए। सभी मिलकर उत्साह के साथ प्रोडक्शन में बढ़ाने में जुटे। जबकि वहां प्रांतवाद के चलते आये दिन हड़ताल,आंदोलन, गेट बंद आदि होते रहते थे। जबकि हमारे भिलाई में यह सब नहीं होता था। भिलाई स्टील प्लांट में प्रांतवाद आज भी नहीं है इसलिए उत्पादन का आज भी रिकॉर्ड है। मोहनलाल पटेल ने कहा कि उनके समय में इंटक यूनियन प्रभावी थी और वे स्वयं यूनियन से सम्बद्ध थे इसीलिए पता है कि किस तरह से यूनियन के लोग कर्मचारियों के हितों के लिए अपना समझकर लड़ते थे। पटेल ने बीएसपी का गुणगान करते हुए कहा कि इसी प्लांट की बदौलत हमारा परिवार बहुत ऊंचाई तक गया। बेटे भारतीय सेना और सीआरपीएफ में भर्ती होकर देश सेवा में लगे और आज खुशहाल परिवार है। पटेल ने बताया कि बीएसपी में उनका समय स्वर्णिम रहा लेकिन समय के साथ यह बदल गया। आज मेन पावर कम हो गया। स्किल्ड वर्कर नहीं हैं। ठेकेदारी प्रथा का बोलबाला है। सरकार की भी सोच है कि कम लागत में ज्यादा मुनाफा हो, तो स्थितियां बदली हैं। नहीं तो आज भी बीएसपी दुनिया में अपनी सानी रखता है। एक से एक बड़ी और पुरानी मशीने हैं जो और कहीं नहीं मिलेंगीं। मोहनलाल पटेल ने बताया कि उन्होंने 1971 से लेकर 2012 तक बीएसपी में अपनी सेवाएं दीं। उनका मैकेनिकल जॉब था। प्रोडक्शन एरिया में काम करते थे। फर्नेस में रिपेयर करने जाते थे। वेल्डर, फीटर, इलेक्ट्रिशियन सभी का मिलकर टीम वर्क के साथ करना एक अलग ही आनंद देता था। खतरों से खेलते हुए भी डर नहीं लगता था। गैस लाइन, स्टीम लाइन, चालू फर्नेश के बीच भी हंसी-खुशी से काम में भिड़ जाते थे। उस समय सेफ्टी पर भी बहुत ज्यादे ध्यान दिया जाता था। मैनेजमेंट बहुत ख्याल रखती थी। मोहनलाल यह कहते भावुक हो उठते हैं कि बीएसपी से सेवानिवृत्ति के बाद यहाँ का वर्क कल्चर और पुराने साथी बहुत याद आते हैं। अनेक यूनियन लीडर एवं अधिकारियों के नाम लेकर उन्होंने कहा कि बीएसपी ने उन्हें और उनके परिवार को बहुत कुछ दिया है और सम्मान भी बहुत दिया। यदि जरूरत पड़ी तो भिलाई स्टील प्लांट को अपनी सेवाओं का लाभ देने से पीछे नहीं हटेंगे। उनकी नजरें और शरीर कमजोर जरूर हुईं, लेकिन उनका हुनर और कार्य के प्रति उनका जज्बा उसी प्रकार उत्साह की हिलोरें ले रहा है।

बुजुर्गों के साथ मनाया नया वर्ष

उतई, 2 जनवरी। नए वर्ष के उपलक्ष में ग्राम बोरीगारका के प्रेमचंद सोनबेर, रेखा देवी सोनबेर ने गांव के संपूर्ण आदर्श महिला मानस मंडली के सदस्यों एवं 30 वर्ष पुराने महिला मंडली के सदस्यों को बुलाकर नया वर्ष धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में खेलकूद का भी आयोजन किया गया ,जिसमें कुर्सी दौड़ में प्रथम श्यामाबाई कौशिक ,ओम बाई यादव तथा द्वितीय अमरिका गजपाल,चंद्रकला तथा मटकी फोड़ में ओम बाई ,श्यामा बाई कौशिक,राजवती को पुरस्कृत किया गया। बुजुर्ग माता को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में रेखा देवी सोनबेर, दिनेश्वरी, नीमा बाई, राजवती, अहिल्या,अमरिका, गायत्री बघेल, लता यादव,जमुना, ओमबाई,देहूति,संध्या यादव गोंदाबाई, फूलबाई, सुमित्रा, श्यामा कौशिक, चंद्रिका गजपाल एवं अदिति साहू आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन श्री प्रेमचंद सोनबेर एवं वीरेंद्र सोनबेर ने किया।

बीएसपी के निदेशक प्रभारी ने नववर्ष के साथ किया सुरक्षा सजगता माह का शुभारंभ

भिलाई, 2 जनवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने नववर्ष के पहले दिन, इस्पात भवन परिसर में सुरक्षा ध्वज फहराकर, संयंत्र बिरादरी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। ध्वजारोहण के पश्चात् कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल ने सुरक्षा शपथ दिलवाई। इसके उपरांत अनिर्बान दासगुप्ता एवं उपस्थित कार्यपालक निदेशकों ने सेफ्टी ऑडिट शेड्यूल कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, कार्यपालक निदेशक डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार उपस्थित थे। अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि संयंत्र मे विभिन्न विभागों एवं परियोजनाओं के क्षेत्र में कार्यरत सभी नियमित एवं ठेका श्रमिकों की सुरक्षा हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से सुरक्षित कार्यप्रणाली के प्रोटोकॉल को अपनाते हुए हर क्षेत्र में सुरक्षित कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा हम किसी भी कर्मी के जीवन की कीमत पर एक टन भी इस्पात का उत्पादन नहीं चाहते हैं। हमारी सजगता ही संयंत्र की सुरक्षा का मंत्र है। सभी ठेका श्रमिकों को सुरक्षा सजगता कार्यक्रम एवं क्यू कार्ड की जानकारी निरंतर दी जानी चाहिए और ठेकेदार द्वारा सुरक्षा प्रबंधन का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। संचालन सहायक प्रबंधक सूरज वर्मा द्वारा किया गया। इसके उपरांत, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने संयंत्र भवन में भी सुरक्षा ध्वज फहराया। परियोजना विभाग द्वारा एक्सपांशन ब्लिडिंग में 01 जनवरी को सुरक्षा जागरूकता माह का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यपालक निदेशक सुब्रत मुखोपाध्याय ने एक्सपांशन ब्लिडिंग में सुरक्षा जागरूकता माह-2025 के एक महीने तक चलने वाले आयोजन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक आर के श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक उन्मेष भारद्वाज और मुख्य महाप्रबंधक मानस कुमार गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

करों की वसूली के लिए शिविर

जामुल, 2 जनवरी। नगर पालिका परिषद जामुल में करो की वसूली हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है । वार्ड क्र. 01, 02, 0×, 04, 06 हेतु दिनांक 02.01.2025 से 04.01.2025 तक तरूण सांस्कृतिक मंच नंदिनी रोड में शिविर लगेगा जो कि सुबह 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक रहेगा जिसमें सभी प्रकार के कर जैसे सम्पश्रि कर, समेकित कर, जल कर, यूजर चार्ज, भू-भाटक, अनुज्ञप्ति शुल्क को शिविर में जमा किया जा सकता है । अतः नगर वासियो से अपील किया जाता है कि उल्लेखित करो का भुगतान अनिवार्य रूप से करे और अधिभार सहित अन्य प्रशासनिक परेशानियो से बचे । साथ ही करो का भुगतान नगर पालिका कार्यालय में भी कर सकते है साथ ही करदाताओ से विशेष अपील है कि करो के भुगतान का रसीद अवश्य प्राप्त करें । अन्य वार्ड के करदाता भी शिविर स्थल में करो का भुगतान कर सकते है ।साथ ही नगर पालिका जामुल के करदाताओ को सूचित किया जाता है कि जैस जल कर एवं यूजर चार्ज का भुगतान प्रत्येक महीना किया जाना अनिवार्य है अतः अधिभार से बचने के उक्त करो का भुगतान प्रत्येक महीना अनिवार्य रूप से करे।

पांडातराई थाना प्रभारी की सक्रियता से महिला शराब तस्कर गिरफ्तार

कवर्धा, 2 जनवरी। जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल (रा.पु.से.), पंकज कुमार पटेल (रा.पु.से.), और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी शद्य अखिलेश कुमार कौशिक (रा.पु.से.), बोड़ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पाण्डातराई निरीक्षक जन्मेजय पांडेय के नेतृत्व में अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है। वर्ष 2024 के अंतिम दिन 31 दिसंबर को ग्राम सोढा में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। आरोपीया निर्मला भास्कर पति झगराम भास्कर, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम सोढा, अवैध शराब बिक्री के लिए सफेद बोरी में 20 पौवा देशी प्लेन शराब (कीमत 1600) और शराब बिक्री से अर्जित 200 नकदी सहित पकड़ी गई। जब्त सामग्री की कुल कीमत 1800 आंकी गई। मौके पर आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ख), आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक जन्मेजय पांडेय प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्रवंशी, आरक्षक मारतंग चंद्रवंशी, और महिला आरक्षक सुलोचनी साहू का विशेष योगदान रहा। थाना पाण्डातराई पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत प्रभावी कार्यवाहियां आगे भी जारी रहेंगी।

आखिर बच्चे क्यों मांगते है भीख कवर्धा शहर में , चिंतनीय विषय

कवर्धा, 2 जनवरी। नए साल में सुबह सुबह भी बच्चे बस स्टेंड में ओर बस में भीख बार बार क्यों मांगते हुए दिखते है आखिर क्या यही विकास की परिभाषा है । सरकारी स्कूल और फ्री चावल देने के बावजूद भी बच्चे भीख मांग रहे है जो की चिंता की बात है ।

रेस्टोरेंट के पास भी भीख मांगते है बच्चे । शायद अच्छा भोजन करने में दिक्कत होती है या कोई ओर कारण । इस मामले में सरकार ओर जिला प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए जिससे की नए साल 2025 में भीख नहीं मांगे ।

कोहका में हुई लाखों की चोरी, विधायक मिले पीड़ित परिवार से, एसपी ने गठित की टीम

भिलाई, 2 जनवरी। वैशाली नगर विधानसभा की सबसे बड़ी चोरी में लाखों के जेवरात लेकर आरोपी रफूचक्कर तो हुआ ही साथ ही दुर्ग पुलिस को नववर्ष के साथ एक बड़ी चुनौती भी दे गया है। चोरी की खबर लगते ही जहां पुलिस महकमा अलर्ट हो मामले की जांच में जुटा वहीं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन पीड़ित परिवार से मिले और पुलिस अधीक्षक से चर्चा की। सेन पल पल की अपडेट लेते देखे गए। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने तत्काल केस क्राइम ब्रांच को सौंपते हुए टीम गठित की है। आपको बता दें कि वर्ष 2024 की विदाई के साथ यह पूरे वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी चोरी है और आरोपी ने एक बड़ा चैलेंज विधायक रिकेश सेन सहित दुर्ग पुलिस को दिया है। चोरी की जानकारी मिलते ही विधायक रिकेश सेन कोहका निवासी व्यवसायी अरविन्द सिंह के निवास पहुंचे और दुर्ग पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर 48 घंटे में चोर को पकड़ने टीम गठित करने विषयक चर्चा की। एसपी ने तत्काल टीम गठित कर जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने विधायक को आश्वस्त किया है। सेन ने कहा कि वैशाली नगर विधानसभा में क्राईम न हो इसका लगातार प्रयास किया जाता रहा है। कई बार वो स्वयं रात को पुलिस गश्त पर निकले हैं। जिस भी आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम दे चुनौती दी है, उसे बख्शा नहीं जाएगा। स्मृति नगर चौकी में बीएनएस की धारा 331(4) व 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध हुआ है। स्मृति नगर चौकी व सुपेला थाना प्रभारी सहित एसीसीयू से लगातार चर्चा हुई है। एसपी सहित सायबर टीम आरोपी तक पहुंचने प्रयास में लगी है।

नगर निगम के 5 अधिकारी-कर्मचारियों को दी गई विदाई



भिलाई, 2 जनवरी। नगर पालिक निगम भिलाई में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 2 अधिकारी एवं 3 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में मंगलवार को निगम प्रशासन की ओर से अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किये। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए बी.के.वर्मा ने कहा हम सब पूर्व साडा के समय से विभिन्न विभागो में कार्य करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन किए। हम सबको गर्व है अपनी क्षमता के अनुसार कार्य किए। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग में पदस्थ अधीक्षण अभियंता सतीश कुमार वर्मा, जोन क्रमांक-3 से कार्यपालन अभियंता बी.के. वर्मा, हेल्पर/क्लीनर अनिल देशमुख, जोन क्रमांक-2 से पम्प सहायक पूषण लाल देशमुख एवं वाहन चालक झग्गर राम यादव को निगम प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। आयुक्त पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियो एवं कर्मचारियों से कहा कि हमारा पूरा प्रयास है, कि आप लोगो को देय राशि समय पर मिल जाए। हम सब प्रयास कर रहे है। किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी हमसे बेजिझक आकर मिल सकते और अपनी समस्या बता सकते है। अंत में सभी कर्मचारियों को निगम के सभागार में 31 दिसंबर 2024 को विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आने वाले नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी गई।

निधन

मालती देवी

भिलाई, 2 जनवरी । प्रगति नगर कैंप एक वार्ड नंबर 30 भिलाई निवासी श्रीमती मालती देवी का निधन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को ही रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे परमात्मा प्रसाद की पत्नी, पत्रकार राजकुमार आर्य की भाभी, अभिषेक, अनितोष, आदित्य, श्वेता, श्रेया, श्रेयता की बड़ी मम्मी थीं।

आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मुस्तैदी से करें काम: मुख्यमंत्री

रायपुर, 2 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नए साल के पहले दिन ही मंत्रालय में सभी विभागों के सचिवों और विभागों के विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर शासकीय काम-काज में पारदर्शिता और कसावट लाने के साथ-साथ आमजनता से जुड़े मामलों का तत्परतापूर्वक त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में दो टूक कहा कि प्रशासनिक काम-काज में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारी-कर्मचारी समय पर कार्यालय आएं और पूरी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम सभी को टीम भावना के साथ काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि वर्ष 2024 में हमने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रमुख गारंटियों को पूरा किया है। वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है। रजत जयंती वर्ष का छत्तीसगढ़ के लिए विशेष महत्व है, इसलिए बहुत उत्साह से निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विशेष अभियान संचालित कर लंबित फाइलों को तत्परता से निराकृत करने की हिदायत दी। उन्होंने मंत्रालय सहित सभी ऑफिसों में ई-ऑफिस की व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वे स्वयं सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने सभी विभागीय सचिवों को अपने विभाग की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि हर महीने वर्चुअल समीक्षा के साथ ही हर 3 महीने में भौतिक समीक्षा भी की जाए। साथ ही बड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने का प्रयास करें और मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव को अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी की समस्याओं का समय पर निराकरण होना जरूरी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर हमारा फोकस होना चाहिए। छत्तीसगढ़ में अभी निवेश का बहुत अच्छा माहौल बना है। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति 2024-2030 की पूरे देश में सराहना की जा रही है। नई औद्योगिक नीति का लाभ निवेशकों को मिले, इसका विशेष ध्यान रखें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत एक साल में हमने नक्सल मोर्चे पर बड़ी कामयाबी पाई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने में हम कामयाब हुए हैं। शासन की योजनाओं को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक ले जाने की आवश्यकता है। नियद नेल्ला नार योजना का लाभ क्षेत्र के लोगों को मिले, यह बहुत जरूरी है। नक्सली क्षेत्र में बहुत से सुरक्षा कैंप हमने खोले हैं। इस बात का ध्यान रखें कि संबंधित विभाग के कार्य जो नियद नेल्ला नार योजना के तहत आते हैं, वे त्वरित गति से इन क्षेत्रों में पूर्ण हों। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों तक शासन की योजना का लाभ पहुंचाना सेवा का कार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों के प्रभारी सचिव हर 2 महीने में जिलों का दौरा करें। इस दौरान वे जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में जाएं और फील्ड की जानकारी लें, तभी जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति पता चलेगी। उन्होंने प्रभारी सचिवों को अपने जिले के भ्रमण के दौरान वहां की स्थिति के के सम्बन्ध में मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव अनिवार्य रूप से अवगत कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जिलों में भी प्रशासनिक कसावट का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था पर भी बहुत ध्यान दिए जाने की जरूरत है। आजकल बहुत सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। अभियान चला कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम का पुख्ता प्रबंध किया जाना चाहिए ताकि इसमें कमी लायी जा सके। छत्तीसगढ़ में अन्य राज्यों से नशे की सामग्रियों की तस्करी न होने पाए, इस पर कड़ाई से रोक लगाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पिछले एक वर्ष में नशे के अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए अच्छा प्रयास किया गया है, इसमें और तेजी लाने की जरूरत है। बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही श्रीनिवास राव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

एक नजर

उपसंचालक डॉ. उषा किरण पदोन्नत होकर बनी संयुक्त संचालक

राजनांदगांव,2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। स्थानीय जिला जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ उपसंचालक डॉ. उषा किरण बड़वाईक की पदोन्नति हुई है। वे अब संयुक्त संचालक जनसंपर्क के पद पर पदस्थ रहेंगी। डॉ. उषा किरण बड़वाईक गत 18 मार्च 2020 से राजनांदगांव जिला कार्यालय में स्थित जिला जनसंपर्क अधिकारी के पद पर पदस्थ है। उनका कार्यकाल काफी अच्छा व सहयोगात्मक ढंग से चल रहा है। वे नियमित रुप से शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों, उपलब्धियों, जनसंपर्क विभाग की शासन की योजनाओं से युक्त प्रदर्शनी का भी मार्गदर्शन करती रही है। पीआरओ डॉ. उषा किरण बड़वाईक राजनांदगांव से पूर्व वे रायगढ़ में जिला जनसंपर्क अधिकारी तथा उसके बाद राजभवन राजधानी रायपुर में भी लंबे समय तक सेवाएं दी। अपने 5वें वर्ष में जनसंपर्क में पीआरओ के पद पर कार्यरत है। शासन भी उनकी सेवाएं फिलहाल पीआरओ राजनांदगांव के रुप में ही लेगी ऐसी संभावना भी है। डॉ. उषा किरण के पदोन्नत होने पर विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है। वरिष्ठ पत्रकार सी.एल. जैन सोना अमर छत्तीसगढ़ व वेब न्यूज पोर्टल अमर छत्तीसगढ़ परिवार एवं वार्ता यूएनआई परिवार ने भी बधाई दी है तथा उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्हें राजनांदगांव में स्थित कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी आज बधाई देने पहुंचे है।

ग्रामीण चिकित्सा सहायक धनेश्वरी देवांगन का हुआ स्थानांतरण

राजनांदगांव,2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। जिले के डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करमतरा आरएमए रूरल मेडिकल अस्सिटेंट श्रीमती धनेश्वरी देवांगन के विरुद्ध शिकायत जांच सहित पाए जाने के बावजूद उसे हटाया नहीं जा रहा है। इस पर गांव के प्रतिनिधियों सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों सहित तथा मितानिन व आम ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नाराजगी व्याप्त थी। संयुक्त हस्ताक्षर पत्र में ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर नेतराम नवरत्न से मांग की थी कि ग्रामीण

चिकित्सा सहायक श्रीमती देवांगन को तत्काल हटाकर कोई दूसरा आरएमए पदस्थ करें। शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने कलेक्टर से भी शिकायत की है जिस पर कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए थे। इसी कड़ी में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आज 31 दिसंबर को आदेश क्रमांक / एन.एच.एम. / एच.आर./2024/893 द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत श्रीमती धनेश्वरी देवांगन, ग्रामीण चिकित्सा सहायक (ऋ), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करमतरा, वि.ख. डोंगरगांव को ग्रामीण जन एवं स्टॉफ द्वारा प्राप्त शिकायत के अनुसार प्रशासकीय आधार पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ विकासखण्ड डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. में कार्य करने हेतु आदेशित किया जाता है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जिसको लेकर ग्रामीण सहित स्टाफ में हर्ष का माहौल है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद के लिए 15 जनवरी तक आवेदन

राजनांदगांव ,2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत उपरवाह परिक्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्र भदेरा नवागांव क्रमांक 1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं घुमका परिक्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्र भैसातरा क्रमांक 2 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 15 जनवरी 2025 तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण 2 राजनांदगांव में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत की जा सकती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की सकती है।

एक ऐसा पंचायत सचिव..जिस भी पंचायत में रहा उसे दिलवाया राष्ट्रीय पुरस्कार

नगरी , 2 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

आदिवासी विकासखंड नगरी के पंचायत सचिव मदन सेन जिसने पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए इस आदिवासी विकास खंड के ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाया है, सचिव मदन सेन के इस कार्य प्रणाली से सिहावा क्षेत्र को 6 राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है, ऐसे कर्मठ और जुझारू सचिव को राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन से पुरस्कार स्वरूप पदोन्नति वेतन-वृद्धि की मांग जनता के द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के आदिवासी विकास खंड नगरी के ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले ग्राम पंचायत सचिव मदन सेन को अब क्षेत्रवासियों के द्वारा शासन से पुरस्कृत कर पदोन्नति, वेतन-वृद्धि मांग कर रहे हैं। विदित है कि उक्त पंचायत सचिव जहां भी पदस्थ रहे वहां राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महती भूमिका निभाई है। वर्ष 2014 में ग्राम पंचायत बेलगांव को राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार, वर्ष 2016 में ग्राम पंचायत सांकरा को पं दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार, उत्कृष्ट पंचायत पुरस्कार,वर्ष 2022 में ग्राम पंचायत हरदीभाठा एवं छिपली को पं दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार,वर्ष 2023 में ग्राम पंचायत सांकरा को पुनः दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत् विकास स्वस्थ पंचायत पुरस्कार तथा वर्तमान में 11दिसम्बर 24 को दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत् विकास सामाजिक रुप से सुरक्षित थीम पर पुरस्कार मिला है। छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। पंचायत के अन्य सचिवों व अन्य कर्मचारियों को इससे प्रेरणा एवं सीख लेनी चाहिए। शासन प्रशासन को ऐसे कर्मचारी को निश्चित ही प्रोत्साहित करना चाहिए। ताकि अन्य लोग भी अच्छे कार्य करने के लिए आगे आएं। नहीं तो काम वाले, और नहीं करने वाले में अंतर नहीं रहेगा। जिला प्रशासन से क्षेत्रवासियों की मांग है कि शासन को विशेष प्रकरणों के श्रेणी में रखकर प्रोत्साहित करने वाले सचिव को पत्रचार कर अवगत कराया जावे।

सांसद संतोष पांडे का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मना

राजनांदगांव , 2 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

ओजस्वी वक्ता व वेदों के ज्ञाता राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे का जन्मोत्सव राजनांदगांव शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सांसद संतोष पांडे के जन्मोत्सव के अवसर पर उनके दीर्घायु की प्रार्थना सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। युवा भाजपा नेता आलोक श्रोती की अगुआई में शहर के हृदय स्थल महाकाल चौक (मानव मंदिर चौक) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शिरकत करने पैदल पहुंचे सांसद संतोष पांडे ने रास्ते में सबसे भेंट करते हुए सभी का आशीर्वाद लिया । आयोजन स्थल में पहुंचने पर सांसद संतोष पांडे का भव्य आतिशबाजी, पुष्पमालाओं का वरण व पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया । समर्थकों ने सांसद संतोष पांडे को आकर्षक पगड़ी पहनाकर उनके दीर्घायु होने की प्रार्थना की गई। जन्मोत्सव को स्मरणीय बनाने के लिए युवा नेता आलोक श्रोती की अगुआई में सैकड़ों समर्थकों की उपस्थिति में सांसद संतोष पांडे के करकमलों से आकर्षक केक को कटवाया गया। इस दौरान चौक के वातावरण में ,÷ हैप्पी बर्थ डे टू संतोष पांडेजी ÷ गुंजायमान होता रहा । जन्मोत्सव से आनंदित सांसद संतैष पांडे ने सभी समर्थकों व संसदीय क्षेत्र के लोगों का

आभार प्रकट करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी व संसदीय क्षेत्र के सुख-शांति एवं प्रगति की कामना की । जन्मोत्सव के अवसर पर कचरू शर्मा,देव शरण सेन,शिव वर्मा ,योगेश पांडे,प्रशांत कोड़ापे,विजय जैन,पिंटू जोशी,हिमांशु सोनवानी,विवेक साहू,बलवंत साव,सुशील लड्ढा,परदेसी सोनबोईर,प्रज्ज्वल गुप्ता,जैकी सोनकर, विजय शर्मा, मनोज साहू,कृत कुमार साहू ,डिम्पल सेन,दूरपत निषाद,राजेश श्यामकर,आर्यन साहू,वर्षा गेडाम,बोधि राम साहू,मुकेश साहू,आशुतोष ठाकुर,ज्ञानेश गुप्ता,गीतेश गुप्ता,अरुणेश झा,अशोक निर्मलकर,अंशुल कसेर,सचिन शर्मा,शशिकांत गंजीर,प्रिंस हाथीबेड,आदर्श ठाकुर,चंद्रकुमार देवांगन,जसबीर चौहान,अमन सिन्हा,आलोक झा,राजेश श्यामकर,अभिषेक शर्मा आदि उपस्थित थे।

डबल इंजन की सरकार जनहित के हर मोर्चे पर फेल : सूर्यकांत जैन

राजनांदगांव , 2 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

कांग्रेस कमेटी शहर दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने अपने एक जारी बयान में कहा कि केंद्र के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार और छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार जनहित के हर मोर्चे पर फेल साबित हो रहे हैं। कांग्रेस के द्वारा लगातार जनहित में मुद्दा उठा जाने से भाजपा संगठन और पार्टी की धड़कन बढ़ जाती है। इन दिनों इनकी धड़कन और तेज हो गई है। क्योंकि जनहित के मुद्दों को कांग्रेस जोरशोर उठा रही है। खिसयानी बिल्ली खम्बा नोचे के तर्ज पर विपक्ष के किसी नेता को जेल भिजवा रही है। तो किसी को किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस के शिर्ष नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई गई है।श्री जैन ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार इतना तो सत्य है कि देश की प्रबुद्ध जनता की नजरों में गिर चुकी है। देश की जनता महंगाई से बुरी तरह त्रस्त है। केंद्र में कांग्रेस सरकार थी। तब देश के प्रमुख अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। उस समय महंगाई ऐसी अनाप-शनाप नहीं थी। नियंत्रण में थी भाजपा सरकार के पास महंगाई नियंत्रण के लिए योजना ही नहीं है। सरकार को डर है कि आगामी त्रिस्तरी पंचायती राज चुनाव और नगरी निकाय चुनाव के परिणाम भाजपा के खिलाफ जाएंगे। इसलिए बहाने बाजी करके टालते जा रही है। छत्तीसगढ़ में समर्थन दर पर धान खरीदी योजना में भी भाजपा सरकार की असफलता दिखाई दे रही है। किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है। सोसाइटी में बफर लिमिट से ज्यादा धान हो गया है और धन उपार्जन केदो में धान उठाने में शासन प्रशासन के पसीना छूट रहे हैं। किसान एक मुस्त भुगतान नहीं होने से नाराज है। भाजपा ने चुनाव के समय एक मुस्त भुगतान का झूठा वादा किया था। जिसके चक्कर में किसान आ गए हैं अब उन्हें मुस्त भुगतान नहीं किया जा रहा है। भूपेश बघेल नीत कांग्रेस सरकार ने किसानों को समर्थन दर पर धान 2500 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच कर किसान हित में बड़ा निर्णय लिया था। उसी की नकल करते हुए भाजपा ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल की घोषणा कर सरकार तो बना ली अब देने में टालमटोल कर रही है। सरकारी दफ्तरों पर भी कोई काम नहीं हो रहा है एक-एक काम के लिए जनता को चक्कर काटना पड़ रहा है बेरोजगारों को भी रोजगार के लिए भाजपा सरकार में लगातार चक्कर काटना पड़ रहा है। जिसका खामियांजा साय सरकार को आने वाले चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।

नववर्ष पर तीन डॉक्टरों समेत 26 लोगों ने रक्तदान कर पेश की अनूठी मिसाल

तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर 2 जनवरी। नववर्ष 2025 के आगमन के साथ ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर में डॉक्टरों और अन्य स्वेच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर ÷रक्तदान महादान÷ के वाक्य को सार्थक किया है। डॉ. सूदित पाल (46वीं बार), डॉ. अविरल मिश्रा(38वीं बार), डॉ. अपूर्वा खंडूजा(07वीं बार) सहित 26 अन्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने आज मॉडल ब्लड सेंटर में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज़ों की सहायता की। डॉक्टरों के इस नेक कार्य के लिए पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.विवेक चौधरी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने पैथोलॉजी विभाग और ब्लड सेंटर की सराहना करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। मॉडल ब्लड सेंटर के इंचार्ज डॉ. अमित कुमार भारद्वाज के मुताबिक़ यह चिकित्सालय राज्य में सबसे बड़ा शासकीय चिकित्सालय है एवं यहाँ अत्यंत गंभीर और विभिन्न बीमारियों के मरीज़ इलाज करवाने आते हैं तथा ऐसे मरीज़ों को इलाज के साथ रक्त की ज़रूरत होती है। ऐसे मरीज़ों के ज़रूरत के लिए मॉडल ब्लड सेंटर निरंतर तत्पर रहता है और इस तारतम्य में ब्लड सेंटर में कार्यरत डॉक्टरों और अन्य स्टाफ निरंतर रक्तदान करते रहते हैं और मानवता के प्रति अपना फ़र्ज़ निभाते हैं। विदित हो कि पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल 125वीं बार रक्तदान कर चुके हैं और संभवत~ छत्तीसगढ़ राज्य के डॉक्टरों में सबसे ज़्यादा बार रक्तदान करने का रिकॉर्ड इन्हीं के नाम दर्ज हैं। साथ ही उन्हें इस महान कृत्य के लिए राज्यपाल द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों के संबंध में आयुक्त व अपर आयुक्त को अवगत कराया

रायपुर 2 जनवरी। नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा एवं अपर आयुक्त श्री यू.एस. अग्रवाल से भेंट कर नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष श्री प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष श्री मोहित कुमार, श्री श्याम सोनी सहित श्री अमरनाथ साहू, श्री प्रेमचंद दुबे, श्री मानकु राम धीवर, श्री मोहित जायसवाल, श्री मनीष मरकाम, श्री मनीष भोई, श्रीमती राजश्री श्रीवास, श्रीमती विनिता जायसवाल, श्रीमती माया बंछोर, सुश्री प्रिया बसंती व अन्य पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आयुक्त से भेंट कर संघ के पदाधिकारियों ने संघ की प्रमुख मांग 2004 के बाद नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू किया जाये। बीमार अधिकारी एवं कर्मचारियों के त्वरित इलाज हेतु कैशलेस कार्ड की सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में चर्चा की। जिस पर आयुक्त ने शासन के नियमानुसार पात्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंषन का लाभ देने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए सामान्य प्रषासन विभाग को आगे की कार्यवाही हेतु निर्देषित किया। वहीं इलाज हेतु कैषलेस कार्ड की सुविधा प्रदान करने नगर निगम से अनुबंधित बैंकों से चर्चा कर शीघ्र प्रारंभ किये जाने के संबंध में आष्वस्त किया। वहीं अध्यक्ष ने प्लेंसमेंट कर्मचारियों की मांगों के संबंध में अपनी बात आयुक्त के समक्ष रखी ।

कलेक्टर ने निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ की दिलाई शपथ

राजनांदगांव 2 जनवरी। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट में अधिकारी एवं कर्मचारियों को निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत टीबी, कुष्ठ एवं मलेरिया उन्मूलन के लिए शपथ दिलाई।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 7 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा 7 से 22 दिसंबर 2024 तक घर-घर सर्वे कर टीबी एवं कुष्ठ की संदेहास्पद मरीजों की पहचान की गई। अभियान के दूसरे, तीसरे एवं चौथे चरण में पाए गए संदेहास्पद मरीजों की जांच कर उनकी बीमारी के संबंध में पुष्टि कर उनका उपचार किया जाएगा। अभियान के दौरान बाजार, छात्रावास, वृद्धाश्रम, अनाथालय, जेल एवं अन्य स्थानों पर निक्षय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी शासकीय कार्यालय, विद्यालय, महाविद्यालयों में टीबी, कुष्ठ एवं मलेरिया उन्मूलन के लिए शपथ दिलाई जा रही है। इस अवसर पर एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

दमिया के बीचो-बीच सड़क बनने से कई खतरे, बाइपास रोड की मरम्मत कराए एसईसीएल

कोरबा 2 जनवरी। अंबिका कोल फील्ड करतली से कोयले का रोड सेल बढ़ाने के लिए एसईसीएल द्वारा ग्राम पंचायत दमिया के बीचो-बीच सडक निर्माण के लिए सर्वे कराया जा रहा है। संभावित खतरे को भांपते हुए ग्रामीण लामबंद हो गए हैं और विरोध प्रारंभ हो गया है।

गत 31 दिसंबर को ग्राम पंचायत दमिया में ग्रामीणों की आवश्यक बैठक हुई, जिसमें सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा के सामने ग्रामीणों ने एसईसीएल द्वारा सडक निर्माण के लिए कराये जा रहे सर्वे की जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रशांत मिश्रा ने ग्रामीणों को बताया कि गांव के बीचो-बीच सडक निर्माण से कोयला लोड भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ जाएगी और क्षेत्र के लोगों का रहना दूभर हो जाएगा। श्री मिश्रा ने ग्रामीणों से एकजुट होकर इसका विरोध करने की रणनीति बनायी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि एसईसीएल मनमानी करेगा तो बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

सांसद प्रशांत मिश्रा ने ग्रामिणों को बताया कि यदि गांव के बीच से कोयला लोड भारी वाहन गुजरेंगे तो सबसे बड़ा नुकसान दुर्घटना का है और गांव में छोटे-छोटे बच्चे खेलते रहते हैं, जिससे खतरा बढ़ जाएगा। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधी कठिनाईयां भी आएंगी और कोयले के डस्ट से कई बीमारियां फैलेंगी। लोगों का सामान्य जीवन बड़े वाहनों के गुजरने से बदल जाएगा और जीवन में घुटन पैदा हो जाएगी। बैठक में रणनीति बनी कि एसईसीएल गांव के बाहर जो बाइपास सडक बनी है, उस रोड का उपयोग बड़े वाहनों के लिए करे और यदि हमारे जीवन को असामान्य करने की कोशिश की गई तो हम हर तरह से एसईसीएल के खिलाफलड़ाई लडने के लिए बाध्य होंगे।

ग्राम पंचायत दमिया में एसईसीएल द्वारा सडक निर्माण के लिए सर्वे का विरोध करने विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कृष्ण कुमार कुरसेंगा ने किया, जिसमें सरपंच श्रीमती अनिता, सचिव सहित सभी पंचगण एवं गांववासी उपस्थित हुए और एक स्वर में प्रस्ताव पारित किया गया कि बस्ती के बीचो-बीच सडक निर्माण के लिए ग्राम पंचायत द्वारा एनओसी नहीं दी जाएगी।

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया गया जिसमें सरपंच सचिव, उपसरपंच, सभी पंच एवं ग्रामवासियों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन तैयार किया गया।

राज्य में आगामी दो दिनों तक शीतलहर के हालात

रायपुर, 2 जनवरी। छत्तीसगढ़ में साल के पहले दिन से ही कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है. राजधानी समेत कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. बीती रात जगदलपुर सबसे अधिक ठंडा रहा. उत्तर भारत में अच्छी बर्फबारी हो रही है. इसके चलते उत्तर (हिमालय) से आरही शुष्क हवाएं आरही हैं, जिससे प्रदेश में एक बार फिर से शीतलहर का दौर शुरू हो रहा है। बीते 4 दिनों में पारा 3-4 डिग्री गिरा है. मौसम विभाग ने प्रदेश में 2 दिन का शीतलहर अलर्ट जारी किया है. 2 और 3 जनवरी को कई जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा. 4 जनवरी के बाद से फिर तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार, 4 जनवरी को एक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) प्रदेश में पहुंचेगा, जिससे तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है. इसके साथ ही प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की भी संभावना है. विक्षोभ के गुजरने के बाद मौसम साफहो जाएगा. हालांकि, 7 जनवरी से तापमान में फिर से गिरावट आ सकती है. राज्य में 12 फरवरी तक सर्दी का मौसम जारी रहेगा, जिससे अगले 42 दिनों तक तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

संपादकीय

योजनाओं की घोषणा से जनता वोट दे देगी..

चुनाव के समय राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए एक से बढ़कर एक योजनाओं की घोषणा करते हैं। पुराना वोट बैंक किसी कारण से नाराज है तो नया वोट बैंक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। समाज को छोटे छोटे टुकड़ो में बांटकर उनके लिए योजनाएं बनाई जा रही है ताकि पैसा कम खर्च हो और वोट सभी वर्गों का मिले। पहले समाज को महिला, युवा, किसान ऐसे बड़े बर्गों में बांटा जाता था, उनके लिए लिए लोकलुभावन घोषणा की जाती थी, इस बार भी महिला,बुजुर्ग के बाद दिल्ली में पुजारी, ग्रंथी सम्मान योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत मंदिर के पुजारी व गुरुद्वारा के ग्रंथी को प्रति माह 18 हजार रुपए सम्मानस्वरूप दिया जाएगा। महिला सम्मान हो सकता है, बुजुर्ग सम्मान हो सकता है तो केजरीवाल ने पुजीर व ग्रंथी सम्मान करके वोट बैंक की नई राजनीति शुरू कर दी है। वह बड़े समूहों को तो खुश कर ही रहे हैं, छोटे समूहों का भी खास ख्याल रखने का प्रयास कर रहे हैं। इससे उनको पुराने वोटर तो वोट करेंगे साथ छोटे वर्ग के लोग भी पैसे मिलने पर पूरे ने सही कुछ तो वोट करेंगे ही। अभी केजरीवाल का पूरा ध्यान चुनाव निश्चित रूप से जीतने के लिए दिल्ली के ज्यादा से ज्यादा लोगों का वोट प्राप्त करना है और चौथी बार सरकार बनाना है,सरकार बन जाने के बाद भले ही वह पंजाब की तरह वादा पूरा ने करें,दिल्ली की तरह इमामों को वादे के मुताबिक 18000 रुपए न दे पाएं, वह तो बाद की बात है, अभी तो आप की जीत के लिए ज्यादा से ज्यादा वोट जुगाड़ करना जरूरी है। केजरीवाल नई नई योजनाएं बना कर यही करने का प्रयास कर रहे हैं। वह जानते हैं कि इस चुनाव मे पिछले चुनावी मुद्दो पर तो ज्यादा वोट मिलने वाले नहीं हैं। जीत की उम्मीद नहीं की जा सकती, इसलिए आप का जनाधार बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, नए वोटरों के आधार पर आप की जीत के लिए प्रयास कर रहे हैं। विपक्ष भी इस बात को जानता है कि केजरीवाल नई योजनाओं की जो घोषणा आए दिन कर रहे है उसका मकसद क्या है, इसलिए वह इन योजनाओं को रोकने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए दिल्ली के सरकारी विभागों का उपयोग किया गया। इसके बाद आम लोगों का डाटा निजी लोगों के एकत्र किए जाने पर कार्रवाई की गई और केजरीवाल की महिला सम्मान योजना व संजीवनी योजना के रास्ते में अड़ंगा डालने की कोशिश की गई। केजरीवाल इस मायने में देश के अनोखे नेता कहे जा सकते हैं कि वह विपक्ष की तमाम कोशिशों के बाद निराश नही होते है,वह अकेले ही आखिरी तक जीतने का प्रयास करते रहते हैं, एक योजना को रोक दिया गया तो वह एक और नई योजनाएं लेकर जनता के बीच चले जाते हैं। उन्होंने दो योजनाओं के जरिए महिलाओं व बुजुर्गों के वोट पाने का प्रयास किया, इसमें बाधा डाली गई तो वह एक और नई योजनाएं लेकर आ गए।यह योजना है पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना। विपक्ष इसे इमामों की तरह चुनावी स्टंट बता रहा है लेकिन केजरीवाल इसे लेकर चिंतित नहीं है, इसके लिए उन्होंने मंगलवार से पंजीयन शुरू कर दिया है। इसके लिए केजरीवाल ने कश्मीरी गेट आईएसबीटी के पास स्थित मरघट वाले बाबा मंदिर के पुजारी का पंजीकरण किया तो सीएम आतिशी ने करोल बाग क्षेत्र स्थित एक गुरुद्वारे में ग्रंथियों का पंजीयन किया। इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार फिर आती है तो सभी हिंदू मंदिर के पुजारियों व गुरुद्वारों को ग्रंथियों को 18 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाएगा। केजरीवाल ने पिछले चुनाव में इमामो को 18 हजार रुपए देने की घोषणा की थी, तब इस बात के लिए केजरीवाल की खूब आलोचना की गई थी कि केजरीवाल मुस्लिम तुष्टिकरण कर रहे हैं। उनको मंदिर के पुजारियों को भी इसी तरह मानदेय देना चाहिए। केजरीवाल ने इसी लिए मंदिर के पुजारियों व गुरुद्वारा के ग्रंथियों को बचा रखा था, उनका उपयोग अगले चुनाव में वोट लेने के लिए किया जाएगा। अगर केजरीवाल ने इमामों के साथ ही पुजारियों व ग्रंथियों को मानदेय दिया होता आज इमामों की तरह वे भी केजरीवाल सरकार से नाराज होते, इससे केजरीवाल के नुकसान की भरपाई करना मुश्किल होता। पिछले चुनाव में इमामों को मानदेय देने की घोषणा की गई लेकिन अब इमामों के सामने आकर मानदेय मांगन से केजरीवाल की पोल खुल गई हैकि उन्होंने दिल्ली के इमामों से जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया है, वह दिल्ली सरकार से मांग कर रहे हैं, चुनाव के पहले उनको 17 माह का रुका हुउ मानदेय दिया जाए। इमाम केजरीवाल से मिलने का समय मांग रहे हैं, लेकिन केजरीवाल उनसे मिल नहीं रहे हैं,अगर चुनाव के पहले केजरीवाल न इमामों को पैसा नहीं दिया तो इस बार इमाम तो उनको वोट देने से रहे। इस नुकसान की भरपाई के लिए ही उन्होंने पुजारियों व ग्रंथियों को मानदेय देने की घोषणा की है। इस बहाने हो सकता है कि हिंदू व सिख भी उनको वोट दें। विपक्ष ऐसे वक्त में पुजारियों व ग्रंथियों को भी यह कहकर भड़का सकता है कि केजरीवाल सिर्फ वादे करते हैं पूरे नहीं करते हैं, वह लोगों को वोट तो वादे करके ले लेते हैं लेकिन जब पैसे देने की बात आती है तो वह महीनों पैसे नहीं देते हैं, दिल्ली के इमाम इसका उदाहरण हैं। अगर केजरीवल दिल्ली के इमामों की मांग पूरी नहीं करते हैं तो पुजारी व ग्रंथी भी उनको वोट देने के बारे में सोच सकते हैं कि वोट देना चाहिए या नहीं। क्योंकि माना तो यह जाएगा कि जो आदमी इमामों को धोखा दे सकता है, वह पुजारी व ग्रंथी को वोट लेने के बाद धोखा क्यों नहीं दे सकता। पुजारियों के एक समूह ने तो मंगलवार को कनाट प्लेस के हनुमान मंदिर के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया कि केजरीवाल की सरकार दस साल से दिल्ली में है पुजारियों को पहले कोई वित्तीय सहायता क्यों नहीं दी गई।भाजपा इस बात का प्रचार कर रही है कि केजरीवाल सरकार के पास फंड की कमी है,यानी पैसों की कमी है, इसी वजह से तो वह इमामो को 17 माह से पैसे नहीं दे रही है, एक तरफ तो वह पिछले चुनाव का वादा पूरा नहीं कर पा रही है, इमामों को पैसे दे नहीं पा रही है और बेशर्मी से पुजारियों व ग्रंथियों को हर माह 18 हजार देने की घोषणा कर रही है, पंजीयन करा रही है।केजरीवाल के पास पैसा नहीं है तो पुजारियों व ग्रंथियों को पैसा कहां से देगी। केजरीवाल के पास पैसा होता तो वह इमामों को चुनाव के पहले पैसा देकर उनसे वोट नहीं लेती। अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई पता नहीं केजरीवाल इस दौरान और कितनी योजनाओं की घोषणा करेंगे। वह सोचते हैं कि मात्र योजनाओं की घोषणा कर वह जनता से वोट ले लेंगे तो जनता उनकी गलतफहमी चुनाव में दूर कर देगी।

मनोज कुमार अग्रवाल

कल जो गुजरा है फिर से न गुजरे मन का विश्वास कमजोर हो ना

2024 अच्छे बुरे अंजाम के साथ विदा हो चुका है और हमलोग नए साल में प्रवेश कर चुके हैं। 2024 में जहां दुनिया भर में प्राकृतिक आपदाओं धर्म जाति संप्रदाय क्षेत्र के नाम पर परस्पर खून की प्यास बुझाने के लिए कहीं इजराइल और फिलिस्तीन के बीच गाजा पट्टी पर खूनी संघर्ष हुआ तो यूक्रेन और रूस के बीच भी जंग जारी रही। बंगलादेश में शेख हसीना को पद से हटा कर युनूस पदारूढ किए गए तो हिन्दुओं पर अत्याचार बढ गए। अपने देश में भी मणिपुर समेत कई राज्यों में हिंसा का तांडव चलता रहा। इस सब के बीच निर्दोष निरपराध इंसानों ने बहुत बड़ी कीमत चुकाई। कहीं हजारों लाखों लोग दरबदर होकर जान की हिफाजत के लिए शरणार्थी शिविरों में शरण लेने बंकरों में छिपने के लिए मजबूर हुए। कुल मिला कर दुनिया का एक बड़ा हिस्सा आपाधापी हिंसा अराजकता के बीच जिंदगी खोजता रहा। निःसंदेह नव वर्ष सुबह नई उम्मीद और एहसास लेकर आया है। हर नया वर्ष चुनौतियों का होता है तो उम्मीदों की किरणों भी रोशनी बिखेरती हैं। यह इंसान की फितरत है कि हर नए आगाज के साथ नई उम्मीदें जोड़ता है। साथ ही अपने सामने मौजूद चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने का संकल्प वह लेता है। इसीलिए नव वर्ष के मौके पर नए संकल्प लेने की रिवायत है। साथ ही नया साल जो कार्य पिछले साल में अधूरे रह रह गए थे उन कार्यों को नई ऊर्जा से पूर्ण करने की प्रेरणा और आधार देता है। नए साल में हर व्यक्ति को नए अहसास के साथ अपने अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का प्रयास करना चाहिए और अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए व नई सोच के साथ उन लक्ष्यों को साकार करने का प्रण लेना चाहिए। नया वर्ष हर व्यक्ति के लिए बीते हुए वर्ष की सफलताओं और उपलब्धियों के साथ-साथ कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करने का समय है। यह हमें अपने आप को भावी वर्ष के लिए योजना बनाने, कार्य करने तथा आगामी वर्ष के लिए नए लक्ष्य तय करने का अवसर प्रदान करता है। नए साल की शुरूआत में हर व्यक्ति को भावी वर्ष के लिए नए लक्ष्य बनाने चाहिए और उन्हें पूरा करने की रणनीति बनानी चाहिए, जिससे कि अवसरों को सफलता में बदला जा सके। अगर देखा जाए तो 2024 जाते-जाते कई ऐसे यादगार पल दे गया जो उत्साह, उमंग एवं ऊर्जा जगाते हैं, उज्जवल भविष्य का संकेत देते हैं। दुनिया के कई हिस्सों में व्याप्त अशांति के बावजूद भारत ने वर्ष 2024 में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। यह साल भारत के। लिए काफी खास रहा। हा। केंद्र की मोदी सरकार ने देश में ऐसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिससे सर्वजन के कल्याण के साथ ही एक देश के रूप में भारत को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत किया। देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चाहे वो अर्थव्यवस्था, सामाजिक कल्याण और देश के बुनियादी ढांचे का विकास हो या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्रों में नीतियों और निर्णयों का निर्धारण हो, भारत की तरफ से दुनिया को यही संदेश दिया गया कि अब न केवल देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि उसके बागडोर मजबूत हाथों में भी है। इसी साल ना सिर्फ पीएम मोदी साठ साल में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले पीएम बने, बल्कि उनके नेतृत्व में भाजपा ने हरियाणा और महाराष्ट्र में शानदार सफलता हासिल की। केंद्र की एनडीए सरकार के प्रमुख निर्णय नए आपराधिक कानूनों को लागू करना, पीएम-सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी देना, प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार और संसद में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक पेश करना रहा। अगर अर्थव्यवस्था की बात की जाए भू-राजनीतिक चुनौतियों से उत्पन्न आपूर्ति श्रृंखला और कच्चे तेल के दामों में अ आई तेजी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 में विश्व की सबसे तेज बढ़?ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रही है। तकनीकी प्रगति, प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत जैसे नीतिगत उपायों से भारत वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत रखने में सफल रहा है। भारत दुनिया के लिए सेमीकंडक्टर उत्पाद का बड़ा केंद्र बनने जा रही है। ऐसे में रोजगार के लिहाज से भी यह साल बेहतर अवसर मुहैया कराएगा। मौजूदा वर्ष में 1.25 लाख करोड़ की निवेश लागत ल से अकेले सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 80 हजार लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया समेत अन्य संगठनों का मानना है कि तमाम वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत में उपभोक्ता मांग में तेजी आएगी। सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से अर्थव्यवस्था से जुड़े कई क्षेत्रों में भारी निवेश होगा। इस बीच सरकार ढांचागत विकास को लेकर परियोजनाओं से जुड़े खर्च को बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं, जिससे देश में नई परियोजनाएं शुरू होंगे। इससे निर्माण और विनिर्माण क्षेत्र में अच्छी गति देखने को मिली। देश की जीडीपी में विनिर्माण की हिस्सेदारी को 17 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी तक ले जाने के लक्ष्य पर काम जारी है। ऐसे में इस वर्ष विनिर्माण क्षेत्र में भी नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। देश में कृषि, सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक व्हीकल, इलेक्ट्रिक व्हीकल इंफ्रास्ट्रक्चर ई- कॉमर्स और निर्माण क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। इन्हीं सभी कारणों को देखते हुए ओईसीडी ने अनुमान लगाया है कि वर्ष 2025 की पहली छमाही में 6.8 से 6.9 फीसदी के बीच रहेगी, जो चीन, ब्राजील और दक्षिणी अफ्रीका की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से अधिक होगी। इसके साथ ही अंतरिक्ष सेक्टर में भारत ने जैसी छलांग वर्ष 2024 में लगाई है। इस साल एक जनवरी को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्सपोसैट को लांच किया था। अंतरिक्ष में एक्सरे किरणों का अध्ययन करने के लिए विशेष तौर पर अंतरिक्ष यान भेजने वाला भारत दूसरा देश बना। साल के अंत में: 30 दिसंबर इसरो स्पेडेक्स लांच किया है । है। इससे भारत उन गिने चुने देशों में शामिल हो जाएगा जिनके पास अंतरिक्ष में गतिमान दो यानों को आपस में कनेक्ट करने की प्रौद्योगिकी क्षमता होगी। जानकारों का कहना है कि वर्ष 2025 में भारतीय अंतरिक्ष सेक्टर में जो कुछ होने वाला है, उसकी सिर्फ एक ट्रेलर वर्ष 2024 में दिखाई दिया है। इस साल इसरो के जरिए 36 सैटेलाइटों का प्रक्षेपण करने की तैयारी है ही लेकिन सबकी नजर भारत की रूस और अमेरिका के साथ मिल कर अंतरिक्ष यात्री भेजने की रणनीति पर भी होगी। इस साल देश ने रक्षा क्षेत्र में देश ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। इन उपलब्धियों में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की वापसी, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एम की पहली परीक्षण उड़ान से लेकर हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण शामिल है। देश का रक्षा और सुरक्षा तंत्र जमीन, समुद्र, वायु और अंतरिक्ष में विकसित हुआ है। खेल के क्षेत्र में यह साल भारत के लिए उपलब्धियों से भरा रहा। एक क्रिकेट विश्व कप, आधा दर्जन ओलंपिक पदक और दो शतरंज विश्व चैंपियन। वर्ष 2024 ने भारतीय खेल प्रशंसकों को जश्न मनाने के कई मौके दिए जिससे खेलों की दुनिया में देश का भविष्य उज्जवल नजर आता है। सभी क्षेत्रों में भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है, लेकिन इसके बावजूद कई चुनौतियां बरकरार है, जिससे निपटने के लिए नए साल में प्रयास करनें होंगे। भारतीय अर्थव्यस्था तेजी से बढ़ रही है और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और विदेशी निवेश के रिकार्ड प्रवाह ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए इंजन का कार्य किया है तो बढ़ती मुद्रास्फीति, घटता उपभोग, वित्तीय ऋण और जीडीपी वृद्धि पूवार्नुमानों में कमी ने बड़ी चिंताएं भी पैदा की हैं। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र का दर्जा दिलाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए वर्तमान आर्थिक स्थितियों में वर्ष 2025 की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। करीब एक साल से मणिपुर में हिंसा जारी है, जिससे निपटने की चुनौती बरकार है। गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई, कुपोषण, अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई जैसी कई समस्याएं हमाने सामने हैं। लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि नए साल में इन समस्याओं को खत्म किया जाएगा। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि देश का प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों और और उत्तरदायित्वों का निर्वाह पूरी जिम्मेदारी से करने का संकल्प लें, तभी देश तेजी से विकास पथ पर अग्रसर हो सकता है।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको बेवजह क्रोध करने से बचना होगा, नहीं तो परिवार के सदस्यों को आपकी यह आदत पसंद नहीं आएगी। आपको बिजनेस में मन मुताबिक लाभ न मिलने से आप परेशान रहेंगे, लेकिन आप धन को सही योजनाओं में लगाए। जो लोग सिंगल है, उनकी अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। पारिवारिक मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आप जीवनसाथी को लेकर कोई सरप्राइज प्लान कर सकते हैं।

वृष- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से निजात दिलाने वाला रहेगा। आपको रुपए पैसे से संबंधित मामलों में भी ज्यादा टेंशन नहीं रहेगी, क्योंकि आप यदि किसी से कोई मदद मांगेंगे, तो वह आपकी मदद अवश्य करेंगे, लेकिन आपको काम के सिलसिले में इधर-उधर भाग दौड़ करनी होगी, तभी आपको किसी अच्छी नौकरी की प्रति हो सकती है। आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर सकते है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपको भाग लेने का मौका मिलेगा, जिससे आपका मान सम्मान और बढ़ेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए ऊजार्वान रहने वाला है। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी। बिजनेस की योजनाओं में कोई बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छी होगी। कोई बड़ा टेंडर आपको मिल सकता है। पार्टनरशिप पर आप ज्यादा भरोसा ना करें। अजनबी से कोई लेनदेन करना आपको नुकसान देगा। आपकी किसी पुराने मित्र से कहा सुनी होने की संभावना है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे, क्योंकि आपसे कामों में कोई गड़बड़ी हो सकती है। सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको अत्यधिक लाभ के चक्कर में किसी गलत काम को करने से बचना होगा। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। यदि ऐसा हो, तो उन्हें मनाने के पूरी कोशिश करें।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। फिजूल के खर्चे आपको समस्या दे सकते है। संतान की फरमाइश पर आप किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आपके परिवार का सदस्य नौकरी के लिए घर से दूर जा सकता है। आपको किसी काम में बिना सोचे समझे हाथ नहीं बढ़ाना है। कोई पैतृक संपत्ति संबंधित मामले को लेकर सदस्यों में वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान देंगे, जिसका उन्हें पूरा फल भी अवश्य मिलेगा। आप किसी की कही सुनी बातों में न आएं। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। आपको किसी काम में बिना सोचे समझे हाथ नहीं बढ़ाना है। संतान आपकी जिम्मेदारी पर खरी उतरेगी। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, उसके भी आज पूरा होने की संभावना है।

तुला- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का रिश्ता बेहतर रहेगा, जिससे वह भविष्य को लेकर सपने देखेंगे। आप किसी सरकारी काम को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी पूरा होगा। कोई लेनदेन करने से पहले आप अपने पिताजी से सलाह मशवरा अवश्य करें, क्योंकि आपके धन के फंसने की संभावना अधिक है। आपको अपनी सेहत में यदि कोई समस्या महसूस हो, तो उसे आप नजरअंदाज न करें, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए टेंशन भरा रहने वाला है। बिजनेस मे भी कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगा, लेकिन आपको अपनी योजनाओं में कोई बदलाव करने से बचना होगा। यदि आपने पार्टनरशिप में कोई काम किया था, तो उसमें आपके साथ धोखा हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में ध्यान थोड़ा कम देंगे, जिससे उन्हें अच्छे रिजल्ट नहीं मिलेंगे। आपको किसी नए काम की शुरूआत सोच समझकर करनी होगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप यदि किसी से कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। आपका कोई पुराना मित्र आपके लिए कोई इन्वेस्टमेंट प्लान लेकर आ सकता है। आपको अपने किसी परिजन से कोई वाहन मांग कर चलाने से बचना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। संतान किसी स्कॉलरशिप से संबंधित एग्जाम को दे सकती है, जिसमें उन्हें अच्छी सफलता मिलेगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। ऑफिस में आप कामों को लेकर बेवजह परेशान रहेंगे। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। कोई काम पूरा होने में आपको समस्या आएगी, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। आपको अपने पारिवारिक मामलों को घर से बाहर नहीं जाने देना है, नहीं तो आपको बाद में उन्हें सुलझाना मुश्किल होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा रही थी, तो वह दूर होगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपका कोई काम धन को लेकर यदि रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। जो लोग नौकरी को लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिलेगी। आपकी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में आप लाभ उठाएंगे। आपके बॉस आपके कामों से खुश रहेंगे, वह आपकी पदोन्नति भी कर सकते हैं। आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होने का आपको मौका मिलेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। कोई पुरानी बीमारी बढ़ सकती है। यदि आप किसी घर मकान दुकान आदि की खरीदारी के बारे में सोच विचार कर रहे थे, तो आपको कुछ समय रुकना बेहतर रहेगा। आप अपने बिजनेस को लेकर प्लानिंग करके आगे बढ़ेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। परिवार में कोई बड़ा फैसला आप सोच विचार कर ले, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा।

निष्क्रियता का अनुष्ठान

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

गांव में एक समय ऐसा था जब संकट आते ही लोग जादुई मंत्रों का जप करने लगते थे। जैसे ही कोई समस्या खड़ी होती, वे ताबीज, यज्ञ, और अनुष्ठान करने में जुट जाते। लेकिन समय बीतने के साथ, यह परंपरा शहरों में भी फैल गई। अब हम न केवल अपने संकटों का सामना करने के लिए मंत्र पढ़ते हैं, बल्कि आधुनिकता के आवरण में ढके अनुष्ठानों का सहारा लेते हैं। गांव का एक मशहूर सक्रियता का नेता, सेवक जी, हमेशा देश की समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाते रहते थे। एक दिन, उन्होंने एक बड़ा रैली आयोजित किया। जब उनसे पूछा गया कि इस रैली का उद्देश्य क्या था, तो उन्होंने गर्व से कहा, ह्लसमुदायिकता और जातिवाद के खिलाफ! सभी वर्गों के प्रतिनिधि शामिल हुए! हमने तो दो पुतलों को भी जलाया! सेवक जी और उनके साथी यह सोचकर संतुष्ट थे कि उनकी यह रैली ने देश में एकता की अलख जगा दी है। लेकिन मैं इस नजारे को देखकर संदेह में था। क्या ये पुतले जलाने से किसी के मन की सोच में बदलाव आएगा? क्या कोई भी इस आयोजन से जागरूकता के साथ लौटता है? मुझे शक है। सच्चाई तो यह है कि साम्प्रदायिकता और जातिवाद के खिलाफ असली संघर्ष को निरंतर मेहनत की आवश्यकता होती है। यह केवल एक रैली करने से नहीं होता। असली बदलाव के लिए लोगों से मिलना, संवाद करना, और शिक्षा का प्रसार करना पड़ता है। अगर हमारे शिक्षकों, समाज सेवकों, और बुद्धिजीवियों ने स्वतंत्रता के बाद से इसी दिशा में काम किया होता, तो आज हमारी स्थिति कहीं और होती। लेकिन हम सभी ने भाषणों, रैलियों, और पुतले जलाने जैसे आसान रास्ते को चुना। अब गांव में सभी लोग छोटे-छोटे अनुष्ठान करने लगे। सेमिनार के नाम पर भीड़ जुटाई जाती। तीन चिंतित विद्वान और सात उदासीन श्रोता मिलकर एक जगह इकट्ठा होते। इसे हम ह्लसेमिनारह्व कहते हैं। विद्वान लोगों का विषय होता है समाज में गिरावट, लेकिन उनकी बातें समाधान देने के बजाय बस चिंता की एक परफॉर्मेंस होती हैं। दर्शक आमतौर पर बोर होकर सेमिनार का अंत होने का इंतजार करते रहते हैं। विद्वानों के विचार अगले दिन की खबरों में दोहराए जाते हैं, लेकिन इनमें से कुछ भी नया नहीं होता। क्या हमें वाकई विद्वानों की आवश्यकता है, जो वही पुरानी बातें दोहराते हैं? आओ, अब पुतले जलाने और रैलियों की बात करें। यह सब नाटक मात्र है। लोग जुटते हैं और एक निर्जीव आकृति को जलते हुए देखकर तालियां बजाते हैं। लेकिन क्या ये पुतले अन्याय से लड़ते हैं? क्या वे सामाजिक दमन को समाप्त करते हैं? नहीं, ये केवल दर्शकों के लिए थोड़ी देर का मनोरंजन हैं और भाग लेने वालों के लिए कार्रवाई का एक भ्रम। इसी तरह, रैलियां भी केवल नारे और बैनर का प्रदर्शन होती हैं। भागीदार नारे लगाते हैं, फिर घर लौटते हैं मानो उन्होंने कुछ बड़ा हासिल कर लिया हो। लेकिन असल में ये प्रदर्शन कभी भी गंभीर बातचीत या गंभीर बदलाव को प्रेरित नहीं करते। ये सब वर्तमान समय के बलिदान के समान हैं, जो केवल जनमत के देवताओं को प्रसन्न करने के लिए होते हैं। अब आइए, सोचें कि विकल्प क्या है? हमें निष्क्रियता के अनुष्ठानों को छोड़कर असली काम की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। सामाजिक समस्याओं का समाधान केवल प्रतीकात्मकता से नहीं, बल्कि ठोस प्रयासों से ही संभव है।

बजट से उम्मीद

भारतीय कौशल नारी सब पर भारी

किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर भारतीय नारी की गाथा बहुत ही सम्मानजनक रूप से गाई जाती है, क्योंकि आदि अनादि काल से ही भारतीय नारी शक्ति की अनेक मान्यता प्राप्त कहानियों कथाओं से भी हमें पता चलता है कि नारी शक्ति की शक्ति तो देवी-देवताओं को भी करनी पड़ी थी, हम तो इस कलयुग में इंसान मात्र हैं। इसलिए हमें चाहिए कि नारी शक्ति का सम्मान कर उनको कार्यबल प्रदान करें जिसको भारत के विकास में प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित कर एक फरवरी 2025 को आने वाले बजट में ऐसी योजनाओं स्कीमों को लाया जाना चाहिए ताकि नारी शक्ति को कार्य बल में उचित भागीदारी मिले और भारत के तेजी से विकसित हो रहे पथ को अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। साथियों बात अगर हाल ही में आई एक रिपोर्ट की करें तो सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। द नज इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने और भारतीय अर्थव्यवस्था में 14 लाख करोड़ रुपये का योगदान देने के लिए श्रमबल में 40 करोड़ अतिरिक्त महिलाएं जोड़नी होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2047 तक वर्तमान महिला श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 37 प्रतिशत को लगभग दोगुना बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने की जरूरत होगी। पिछले कुछ वर्षों के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पर आधारित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2047 तक 30 लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी बनने का लक्ष्य रखा है। साथियों बात अगर हम नारी शक्ति को कार्यबल के रूप में चिन्हित करने की करें तो, हमने कई क्षेत्रों में देखे हैं कि नारी कार्यबल अपेक्षाकृत रूप से अधिक सशक्त व प्रभावी रिजल्ट देता है। हम अगर नर नारी के कार्यबल की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो, मेरा मानना है कि नारी बल गुणवत्ता में अधिक कुशल दिखेगा। जिसका मैंने खुद ने ग्राउंड रिपोर्टिंग कर सत्यता परखी है। मैंने अनेक शोरूम ऑफिसेस दवाखाना वकील सीए अनेक प्रोफेशनल जगह कंपनियों में वहां के प्रमुख संचालकों, मैनेजरों अधिकृत व्यवस्थापकों से बात की तो उन्होंने भी नारी कार्यबल को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त इमानदार रेगुलर जिम्मेदार जवाबदेही में अवल बताया और नारी कार्यबल को प्राथमिकता देने की बात स्वीकार की, क्योंकि नकारात्मक आदतें नारी कार्यबल में नहीं देखने को मिलती जितनी नर कार्यबल में देखने को मिलती है। उसी तरह नेतृत्व शक्ति में भी नारी कार्यबल अधिक उच्च गुणवत्ता में अग्रणी ही है इसका उदाहरण हमें वैश्विक स्तरपर मूल भारतीय महिलाओं कल्पना चावला कमला हैरिस सहित अनेकों का नाम लिया जा सकता है। साथियों बात अगर हम 1 फरवरी 2025 को आने वाले बजट में नारी शक्ति कार्यबल के एंगल से देखें तो आज इसकी कार्य शक्ति बढ़ाने के लिए अधिक बजट एलोकेशन की आवश्यकता है। कुछ ऐसी योजनाएं, इंसेंटिव, छूट दी जानी चाहिए ताकि नारी कार्यबल को प्राथमिकता दिए जाने पर प्रोत्साहन मिले। वैसे भी हम अभी अनेकों निजी कंपनियों में देखते हैं कि वहां नारी कार्यबल को प्राथमिकता दी जाती है जो वर्तमान समय की जरूरत भी है अब वक्त आ गया है कि नारी शक्ति के कार्य बल को बढ़ाने आरक्षण का बंधन भी तोड़ने की जरूरत है और उच्च कौशल्या के आधार पर नारी कार्यबल की सेवा राजनीतिक, औद्योगिक शैक्षणिक सहित हर क्षेत्र में ली जानी चाहिए। भारतीय कौशल नारी सबपर भारी की थींम को आगे बढ़ाया जाए।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा अनेक स्थानों पर अनेक संबोधनों में उन्होंने भी,नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित किया और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को और सक्षम बनाने के साथ-साथ उसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया, एक मीटिंग में विचार-विमर्श वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भारत का विकास और दृढ़ता विषय पर आधारित था। अपनी टिप्पणी में कहा कि, जहां जोखिम थे, वहीं उभर

एक नजर

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विकास कार्यों की समीक्षा की

बीजापुर 2 जनवरी । साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जिले में संचालित समस्त विकास कार्यों का गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसके अंतर्गत गावों में परिवार सर्वे सूची को दुरूस्त करने सर्वे के आधार पर सभी ग्रामीणों को आवश्यक दस्तावेज सुलभ कराने, आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, एवं 18 वर्ष से अधिक समस्त हितग्राहियों को विशेषकर महिलाओं का बैंक खाता खुलवाने ताकि शासन के समस्त योजनाओं का समुचित लाभ ग्रामीणों को मिल सके।नियद नेल्लानार गावों में प्रधानमंत्री आवास की पंजीयन कराने सहित गावों में सड़क, बिजली, पानी, अस्पताल एवं स्वीकृत कार्यो का निर्माण अविलंब को कहा। हाल ही में स्थापित सुरक्षा कैम्प के समीप गांवो में स्वीकृत स्कूल आंगनबाड़ी एवं अन्य अद्योसंरचना की प्रगति की समीक्षा की।जन्म के तुरंत बाद जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में नाम प्रविष्टि की प्रक्रिया को आपसी विभागीय समन्वय से गति बढ़ाने के निर्देश दिए।बैठक में स्कूली विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने राजस्व एवं शिक्षा विभाग समन्वय स्थापित कर शतप्रतिशत पात्र-छात्रों का जाति प्रमाण पत्र त्वरित बनाएं। अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों, आयुष्मान कार्ड की प्रगति, पोषण पुनर्वास में कुपोषित बच्चों का शतप्रतिशत दर्ज कराने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति सहित विभिन्न विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं समस्त विभागों के अधिकारियों को शनिवार को श्रमदान कर अपने कार्यालयों में सफाई अभियान को निरंतर जारी रखने को कहा।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, सीईओ जनपद पंचायत एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

जनपद पंचायत विकास निधि योजना के अंतर्गत 155.60 लाख रुपये जारी

कांकेर 2 जनवरी । वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद पंचायत विकास निधि योजनांतर्गत कुल 01 करोड़ 55 लाख 60 हजार रूपये की राशि जारी की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि प्राप्त आबंटन की राशि जनपद पंचायत सदस्यों के अनुसार अध्यक्ष हेतु 03 लाख रूपये, उपाध्यक्ष हेतु 01 लाख 80 हजार रूपये एवं प्रति सदस्यों हेतु 01 लाख 20 हजार रूपये के मान से जारी की गई है। प्राप्त आबंटन की राशि के अनुसार विकासखण्ड अंतागढ़ के लिए 20 लाख रूपये, भानुप्रतापपुर के लिए 19 लाख 20 हजार रूपये, चारामा हेतु 22 लाख 80 हजार रूपये, दुर्गूकोंदल के लिए 15 लाख 60 हजार रूपये, कांकेर हेतु 21 लाख 60 हजार रूपये, कोयलीबेड़ा के लिए 31 लाख 20 हजार रूपये और जनपद पंचायत नरहरपुर के लिए 25 लाख 20 हजार रूपये जारी किए गए हैं।

3 प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

कांकेर 2 जनवरी । कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए बांध और तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के तीन प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील पखांजूर के ग्राम हनफसी निवासी 45 वर्षीय लच्छू राम नेताम की बांध में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती जानोबाई नेताम को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा तहसील के ग्राम सम्बलपुर निवासी 37 वर्षीय खेमलाल पटेल की तालाब में डूबने से मृत्यु होने से पत्नी श्रीमती सरिता पटेल तथा दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम दरगढ़ निवासी 32 वर्षीय बज्जूराम कल्लो की मृत्यु तालाब में डूबने से हो जाने के पर उनकी पत्नी श्रीमती सगरो बाई के लिए चार-चार लाख रूपये की आर्थिक स्वीकृत की गई है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 4 जनवरी को

कांकेर 2 जनवरी । कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 04 जनवरी को प्रातः 10 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के अंदर बना डोम में किया जाना है। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सम्मिलित होंगे। जिसके लिए अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, शिक्षिकाओं, व्यायाम अनुदेशकों एवं भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है।

प्लेसमेंट कैम्प 3 जनवरी को जिला रोजगार कार्यालय में

बीजापुर 2 जनवरी । निजी क्षेत्र के संस्थानों में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक समस्त 18 वर्ष से अधिक उम्र के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से अर्हताधारी आवेदकों का चयन कर कुल 12 पद Tractor mechanic, Service Supervisor, Field Sales E&ecutive, collection/Recovery E&ecutive, Account E&ecutive पर भर्ती किया जाना है। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी समस्त दस्तावेजों के साथ 03 जनवरी 2025 को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यालय बीजापुर में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नम्बर 9819871673 संपर्क कर सकते हैं तथा जिले के वेवबसाईट www.bijapur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है। रोजगार से संबंधित जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय के टेलीग्राम ग्रुप लिंक https://t.me/emplyoment_office_bijapur_cg में जुड़कर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नगर के 7500 घरों में लगने हैं स्मार्ट मीटर,900 घरों में लगाने का काम पूरा

- नगर में करीब 7500 घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर, 900 घरों में मीटर लगाने का काम हो चुका है पूर्ण
- नगर के साथ ही गांवों में भी लगेंगे स्मार्ट मीटर
- उपभोक्ता प्रीपेड मोबाइल की तरह स्मार्ट मीटर का कर सकेंगे उपयोग
- उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को प्रीपेड मोबाइल की तरह कर सकेंगे रिचार्ज
- रिचार्ज खत्म होते ही गुल हो जाएगी बिजली
- बिल जमा करने लाइनों में खड़े होने से उपभोक्ताओं को मिलेगी मुक्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 02 जनवरी। छत्तीसगढ़ को स्मार्ट बिजली प्रदेश बनाने की कवायद जोर शोर से चल रही है। प्रदेश के हर बिजली उपभोक्ता के घर में अब स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जाएंगे। कई जिलों में मीटर लगाने का काम पूर्ण भी कर लिया गया है और अभी बहुत से जिलों में काम तेजी से चल भी रहा है। केवल शहर ही नहीं अपितु गांवों के हर घर में भी स्मार्ट मीटर लगेंगे। बिजली व्यवस्था को अपग्रेड किया जा रहा है। आने वाला समय में छत्तीसगढ़ पुरी तरह से स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाला प्रदेश बन जाएगा। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में भी बीते नवंबर माह के आखरी सप्ताह से स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो चुका है। अभी टाउन में मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है जिसके बाद ग्रामीण इलाकों में भी काम शुरू हो जाएगा।

दंतेवाड़ा बिजली विभाग के कनिष्ठ यंत्री (जे.ई) गणेश ध्रुव ने जानकारी देते बताया कि दंतेवाडा नगर में करीब 7500 स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा जिसमें अब तक 900 स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। मीटर बदलने का काम एक निजि कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। मीटर बदलने के एवज में उपभोक्ता को सर्वेक्षक या इंस्टालर को कोई राशि नहीं देना है यह बिलकुल फ्री है। नगर के बाद गांवों में भी मीटर लगाए जाएंगे। श्री ध्रुव ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से पूरा सिस्टम ऑटोमेटिक हो जाएगा। उपभोक्ता अपने मोबाईल से मीटर में होने वाली सारी जानकारी देख सकेगा। पुराने इलेक्ट्रानिक मीटर को निकालकर उसके जगह पर नया स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है अभी यह पहले की ही तरह काम करेगा। उपभोक्ताओं को मोबाईल पर एक एप इंस्टाल करना होगा। उसी एप के माध्यम से उपभोक्ता मीटर में अपने मोबाईल से रिचार्ज कर सकेंगे जैसे मोबाईल में करते हैं। श्री ध्रुव ने कहा कि उपभोक्ताओं को घबराने या पैनिक होने की तनिक भी आवश्यकता नहीं है। स्मार्ट मीटर से कोई नुकसान नहीं बल्कि फायदा ही होने वाला है क्योंकि इसमें उपभोक्ता जितनी बिजली खपत करेगा उतना ही उसका पैसा कटेगा। इससे लोगों में बिजली बचत करने की आदत भी पड़ेगी और लोग अनावश्यक बिजली की खपत नहीं करेंगे। बिजली के फिजूलखर्ची पर भी रोक लगेगी। किसी उपभोक्ता का बिजली का कनेक्शन बिजली के बकाया बिल के लिए नहीं काटा जाएगा। बिजली का बिल जमा करने अब किसी को बिजली विभाग के कार्यालय में जाकर लाइन में भी नहीं खड़ा होना पड़ेगा लोगों का समय बचेगा। उपभोक्ता अगर मीटर का रिचार्ज अपने डिवाइस से नहीं करता है तो अपने आप ही उसका मीटर बंद हो जाएगा। अगर किसी उपभोक्ता का रिचार्ज समाप्त हो जाता है तो अपने मोबाईल से उपभोक्ता गूगल पे, फोन पे, आदि के द्वारा रिचार्ज कर फिर से बिजली की बहाली खुद कर सकेगा इसके लिए बिजली विभाग आने की आवश्यकता नहीं होगी। आने वाले कुछ सालों में छत्तीसगढ प्रदेश पुरी तरह से स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बदल जाएगा। आज हर व्यक्ति के हाथ में मोबाईल है तो निश्चित तौर पर उपभोक्ता स्मार्ट मीटर का बेहतर इस्तेमाल कर पाएगा। जे.ई. श्री ध्रुव ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली की चोरी भी पूरी तरह से रूक जाएगी स्मार्ट प्रीपेड मीटर में एक साफटवेयर लगा होगा जिसके सर्वर के माध्यम से बिजली टेमपरिंग करने वालों की सूचना विभाग को तुरंत ही मिल जाएगी।

भूमि समतलीकरण से हेमला नंदा के जीवन में आई खुशहाली

सुकमा, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में हितग्राहीमूलक कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयसीमा में पूर्ण किया जा रहा है। इसका सकारात्मक असर गांव और ग्रामीणों में आसानी से देखा जा रहा है। कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत सामसट्टी के ग्रामीण श्री हेमला नंदा पिता श्री जोगा के पास लगभग 01 एकड़ भूमि मरान पड़ी हुई थी। जमीन होने के बावजूद भी जमीन फसल के लायक नहीं थी जिसके लिए हितग्राही द्वारा ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत भूमि समतलीकरण के लिए विधिवत आवेदन किया गया। कार्य स्वीकृत होने पश्चात् ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक द्वारा विशेष रूची लेकर भूमि समतलीकरण कार्य को समयावधि में पूर्ण किया गया।पूर्व में हितग्राही श्री हेमला नंदा की भूमि बंजर पड़ी हुई थी जिसका भूमि रामतलीकरण किया गया। उनके द्वारा भूमि समतलीकरण के उपरांत अपने खेत में धान फसल का उत्पादन किया जा रहा है और उत्पादित फसल को धान उपार्जन केंद्र के माध्यम से बेचा जा रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और घर-परिवार में खुशहाली आ रही है। फसल उत्पादन के द्वारा आय के अतिरिक्त स्रोत मिल जाने से परिवार के सभी सदस्य खुश हैं। भूमि समतलीकरण होने पर हितग्राही श्री हेमला नंदा के द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया श्री विष्णुदेव साय और शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कलेक्टर ने स्कूल,अस्पताल का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 2 जनवरी । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को सुकमा विकासखंड के विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शासकीय संस्थानों आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालय, उप स्वास्थ्य केंद्र और आश्रम शाला में जाकर मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय प्राथमिक शाला और उप स्वास्थ्य केंद्र गोंगला का निरीक्षण

कलेक्टर श्री ध्रुव ने आंगनवाड़ी केंद्र गोंगला में बच्चों की उपस्थिति और उपलब्ध सुविधाओं की जाँच की। केंद्र के कार्यकर्ता से जाति प्रमाण पत्र आवेदन पैट्रन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और उनके बेहतर देखभाल के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्राथमिक शाला गोंगला में जिला निर्माण समिति द्वारा निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उप स्वास्थ्य केंद्र गोंगला की साफ़-सफाई और अन्य व्यवस्था देखकर कलेक्टर ने सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र को और व्यवस्थित बनाने के लिए सुझाव भी दिए।

प्राथमिक शाला पाता सुकमा में लापरवाही पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

कलेक्टर श्री ध्रुव ने प्राथमिक शाला पाता का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्तव्य पालन में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताते हुए प्रधान पाठक श्री धीरेंद्र मांझी और शिक्षक श्री सुरेश मरकाम को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न आए।

कलेक्टर ने परखा शिक्षा का स्तर

कन्या आश्रम तेलवर्ती का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने लाइट व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से गणित और अंग्रेजी के प्रश्न पूछकर उनकी शिक्षा का स्तर जाँचा। माध्यमिक शाला कुड़केल में कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत की और बच्चों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को मूलभूत सुविधाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बालक आश्रम कुड़केल का निरीक्षण कर बच्चों से गणित के सवाल पूछे। उन्होंने आश्रम भवन की मरम्मत और बच्चों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

प्राथमिक शाला गोलाबेकुर, उप स्वास्थ्य केंद्र फूलबगड़ी निरीक्षण

प्राथमिक शाला गोलाबेकुर में कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत की और उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने की सलाह दी। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र फूलबगड़ी का निरीक्षण किया और बाउंड्री वॉल निर्माण तथा पानी की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए।

शासन की योजनाओं के संबंध में ग्रामीण महिला से चर्चा

कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने गोलाबेकुर गांव की ग्रामीण महिला से संवाद किया। उन्होंने स्वास्थ्य, खाद्य और शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में की चर्चा की।

इस दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने अधिकारियों को शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए ताकि योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे।

ग्राम पोटाली को मिली नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सौगात

दंतेवाड़ा, 2 जनवरी । जिले के वनांचल स्थित ग्रामों में स्वास्थ्य सुविधाओं के निर्बाध संचालन के लिए प्रतिबद्ध जिला प्रशासन के सफल प्रयासों की कड़ी में आज ब्लाक कुआकोंडा के संवेदनशील ग्राम पोटाली में निर्मित नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र) का नाम भी जुड़ गया है। जो निःसंदेह इन बीहड़ वनों में निवासरत ग्रामीणों के लिए अत्यंत राहत का सबब है। यह राज्य शासन की उस मंषा को पूर्ण करने का सुखद सोपान है, जो हाषिये में खड़े समुदायों की स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर पहुंच की पूर्ण गांरटी देती है। आज इस नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र) शुभारंभ अवसर पर यहां पहुंचे क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि ग्राम पोटाली में प्रारंभ होने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के बनने से ना केवल ग्राम पोटाली के ग्रामीण बल्कि ग्राम नहाड़ी और मुलेर ग्रामों के ग्रामीण भी चिकित्सा सुविधा से लाभान्वित होगें। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केन्द्र को आने वाले समय अन्य आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। ताकि स्थानीय लोगों का अपने घर के नजदीक ही उपचार संभव हो सके। इस मौके पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि इस दूरस्थ ग्राम में उप स्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ होना एक बड़ी उपलब्धि है। अब यहां के स्थानीय निवासियों को तुरंत उपचार के लिए दूर स्वास्थ्य केन्द्रों में नहीं जाना पड़ेगा।

निक्षय मित्रों ने टीबी मरीजों को प्रदान किया पोषण आहार

सुकमा, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपिल देव कश्यप के मार्गदर्शन में टीबी मरीजों को मंगलवार को पूरक पोषण आहार प्रदान किया गया। जिला क्षय उन्मूलन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी जनप्रतिनिधि श्रीमति भुवनेश्वरी यादव के द्वारा 2 मरीजों को गॉड लिया गया एवं पोषण आहार प्रदान किया गया। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संध्या नाग, सरोज बघेल, सिमरन यादव, प्रीतेश्वरी नाग, नम्रता नेताम, लक्ष्मी पोडियम के द्वारा भी 2-2 मरीजों को गोद लिया गया एवं उनके द्वारा भी पूरक पोषण आहार प्रदान किया गया।उल्लेखनीय है कि टीबी के मरीजों को भोजन में हाई प्रोटीन खाद्य पदार्थों की आवश्यकता होती हैं जिससे उन्हे बीमारी से लडने में सहायता मिलती है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत इच्छुक लोगों को निक्षय मित्र बनाकर टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया जा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि श्रीमति भुवनेश्वरी यादव, श्री ललित गांधी, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ भीमा बारसे जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री मुकेश राय, जिला पी पी एम समन्वयक श्री नवीन पाठक, श्री सरफराज नवाज, श्री खेम लाल साहू, पिरामल स्वास्थ्य से जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेश सोलंकी ,एन टी ई पी स्टाफ एवं सीएचओ उपस्थित थे।

जिले में 3 लाख 67 हजार 810 क्विंटल धान की खरीदी

सुकमा, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के नोडल अधिकारी श्री गौरव शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के आदेशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी हेतु नवीन जुट बारदाना, मिलर पुराना बारदाना, पीडीएस बारदाना एवं किसान बारदाना का प्रावधान किया गया है। किसानों से आग्रह है कि संबंधित धान उपार्जन केन्द्र में समिति प्रबंधक और खरीदी केन्द्र प्रभारी से जानकारी लेकर बारदानों की आवश्यकता होने पर जुट बारदाने में धान लायें जिसका 25 रूपये प्रति बारदाने की दर से शासन द्वारा भुगतान किया जाएगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा जिले के 21 समितियों के 25 उपार्जन केंद्रों में कुल 6 हज़ार 959 किसानों से 3 लाख 67 हज़ार 810 क्विंटल धान की खरीदी की गई है जिसमे से 60 हज़ार 280 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

जगदलपुर, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय बैशाख ने महारानी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जिसमें मरीजों को सही समय से दवा व वार्डों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया।

विधायक ने हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रथ का किया रवाना

दंतेवाड़ा, 2 जनवरी । जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली थाना परिसर से आज 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी ने यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ज्ञात हो कि यह जागरूकता रथ 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक जिले के सभी जगहों व्यापक रूप यातायात नियमों को फोकस करते हुए प्रचार-प्रसार करेगें। इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह स्वयं के साथ-साथ दूसरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है। सड़क पर चलते समय सर्तक रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसके साथ ही सड़क पर दोनों किनारों की ओर ध्यान देवें और जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें, मोबाइल फोन का उपयोग करते समय सड़क पार

बिल्कुल भी न करें। इसके अलावा यदि वाहन चला रहें है तो गति सीमा का पालन करें और संकेतों का ध्यान रखें। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने आगे कहा कि विशेषतौर पर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सड़क पर मवेशियों की उपस्थिति से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। खासकर सुबह के समय जब दुष्यंत कम होती है और लोग जल्दबाजी में होते है। इन सभी समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयासों और प्रशासनिक सहयोग से ही संभव है। इसके साथ ही उन्होंने 35 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के सुचारू संचालन के लिए सभी को बधाई एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सर्वप्रथम समस्त यातायात स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी चाहे धूप हो,बरसात हो,या ठंडी का मौसम, हर परिस्थिति में अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते रहे है। यह न केवल हमारे समाज को सुरक्षित बनाने में मदद करता बल्कि आपकी मेहनत और सेवा भावना से अन्य लोग भी प्रेरणा लेते है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया माध्यम सबसे प्रभावी विकल्प है। इसके जरिये से हम अधिक से अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकते है। इसके अलावा सड़क यातायात करते हुए किसी भी नागरिक को सड़क मार्ग पर स्ट्रीट लाइट का आवश्यकता महसूस होती अथवा सड़क मार्ग की वजह से किसी दुर्घटना का अंदेशा हो तो तुरंत यातायात विभाग को सूचित करें।सड़क सुरक्षा माह के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में कमी को एक उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि 2025 में भी सड़क दुर्घटनाओं को शून्य करने का लक्ष्य रखा गया है।

अबूझमाड़ के ताड़ोनार में नल-जल योजना अधूरी, खामियाजा लोग भुगत रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नारायणपुर, 2 जनवरी। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के ताड़ोनार में साल भर पहले नल जल योजना के तहत गांव में सोलर पानी टंकी के साथ ही हर घर में नल के कनेक्शन भी लगाए गए बावजूद इसके ग्रामीणों को आज भी नाले के झरिया के सहारे पानी पीना पड़ रहा है क्योंकि पानी की टंकी तो लगी लेकिन पाइप लाइन से अब तक जोड़ा ही नहीं गया और पानी की टंकी साल भर से सफेद हाथी साबित हो रहा है । ग्रामीणों का कहना है कि गांव के घरों में जब नल के कनेक्शन लगाए गए तो लगा कि अब घरों में साफ पानी आयेगा लेकिन घर में लगे नलों से पानी की बूंद तक साल भर में नल से निकला ही नहीं आज भी नाले के झरिया से पानी साफ करके पानी पीना पड़ रहा है कई बार ये पानी पीकर सर्दी , खांसी और बुखार से बीमार हो जाते है लेकिन हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है हद तो तब ही जिस घर के पास पानी टंकी लगा है उसके घर की पानी नहीं आता ।केंद्र सरकार की

महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना के तहत हर घर में नल से साफ पानी सभी को मिल सके इसके के लिए योजना बनाई जिसके लाभ के लिए अबूझमाड़ के दूरस्थ इलाकों में कार्य तो हुए लेकिन इस योजना का लाभ अब तक ग्रामीणों को नहीं मिल पाया ओर आज भी ग्रामीण झरिये के सहारे है , अब देखने वाली बात है कि इस खबर के बाद क्या सरकार जागती है ये फिर अबूझमाड़ के ग्रामीणों को झरिये के सहारे जीवन बिताना होगा । ज्ञात हो कि नारायणपुर जिला मुख्यालय से अबूझमाड़ के नेड़नार ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम ताड़ोनार में एक साल पहले नल जल योजना के तहत हर घर नल के कनेक्शन देकर घरों में नलों की टोटियां लगाई गई ओर गांव के तीन मोहल्लों में तीन पानी की टंकी लगाई गई लेकिन तीन पानी की टंकियों में से महज एक पानी की टंकी का लाभ एक मोहल्ले को मिल रहा है बाकी दो पानी की टंकिया सफेद हाथी साबित हो रही है । आज भी ग्रामीणों को नाले में झरिया बनाकर पीने का पानी लाने को मजबूर है , कई बार ये पानी पीकर ग्रामीण और बच्चे बीमार पड़ जाते है । हद तो गर्मियों के दिन में हो जाती है जब पास का नाला सुख जाता है तो पानी के लिए जद्दोजहद बढ़ जाती है और पानी के लिए दूसरे झरिये का सहारा ढूंढना पड़ता है । ताड़ोनार के घोटूल पारा में हद ही हो गई पानी की टंकी जहां लगी है वहां के आसपास के घरों में ही पानी नहीं आता ठेकेदार ने पाइप लाइन में कनेक्शन ही नहीं जोड़ा जिसके चलते ये पानी टंकी ग्रामीणों के लिए सफेद हाथी साबित होता नजर आ रहा है । महिला का कहना है कि मेरे घर के पास में ही पानी की टंकी लगी लेकिन में घर में लगे नल से पानी की एक बूंद तक नहीं आता क्योंकि ठेकेदार पाइप लाइन जोड़कर ही नहीं गया आसपास के घरों में भी नहीं आता । पानी की टंकी में पानी तो भरा होता है लेकिन उसका का है आम जानो को नहीं मिल पाता ।

एक नजर

5 जनवरी को मुख्यमंत्री साय का प्रवास कलेक्टर ने अधिकारियों की ली बैठक

गरियाबंद, 2 दिसंबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का गरियाबंद जिले में प्रवास कार्यक्रम 05 जनवरी को प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री श्री साय जिला प्रवास के दौरान विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण शिलान्यास करेंगे। साथ ही हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर सामग्रियों का वितरण करेंगे। विभागीय स्टॉलो का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों को संबोधित भी करेंगे। मुख्यमंत्री प्रवास के तैयारियों के संबंध में आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की तैयारी, हेलीपेड व्यवस्था, टेंट, साफ-सफाई, मंच की तैयारी, सामग्री वितरण, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की तैयारी शुरू कर सभी कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे।

पटेवा तहसील में 50 कट्टा अवैध धान जब्त

महासमुंद 2 जनवरी । पटेवा तहसील के ग्राम सलिहाभाटा स्थित धान उपार्जन केंद्र पर आज मंडी अधिनियम के तहत मंडी निरीक्षक और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 50 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया। यह धान तुमगांव निवासी संतोष साहू द्वारा अवैध रूप से लाया गया था।जप्त धान को सलिहाभाटा धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को सुपुर्द कर दिया गया। इस अभियान का उद्देश्य अवैध धान के क्रय-विक्रय पर रोक लगाना और खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना था।धान खरीदी केंद्र पर अवैध धान की आमद पर प्रशासन सख्त नजर रख रहा है।

एसडीएम ने किया बरोंडाबाजार और बम्हनी धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

महासमुंद 2 जनवरी । महासमुंद एसडीएम श्री हरिशंकर पैकरा ने आज बरोंडाबाजार और बम्हनी धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर धान तौलने, किसानों की समस्याओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने धान की गुणवत्ता, तौल प्रक्रिया और स्टॉक के रखरखाव की भी जांच की। उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं जैसे पीने का पानी, छाया और किसानों के बैठने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। किसानों से बातचीत में एसडीएम ने उनकी समस्याएं सुनीं और उनका त्वरित समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है।

पराजय के भय से निकाय चुनाव टालने का षडयंत्र कर रही भाजपा : विनोद चंद्राकर

महासमुंद। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में व्याप्त अराजकता व सरकार के कार्यशैली से जनता में गहरी नाराजगी व आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश के समस्त निकाय क्षेत्रों में साय सरकार के खिलाफ माहौल निर्मित हो गए हैं, और निकाय चुनावों में भाजपा की संभावित पराजय के भय से सरकार निकाय चुनाव में अनावश्यक विलंब कर रही है। राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव टालने का मतलब है कि राज्य सरकार निर्वाचित प्रतिनिधि से जिम्मेदारी हटाकर निकायों को अफसरशाही के हवाले करना चाहती है।

दंतेश्वरी सेतु को संवारने में जुटी है स्थानीय युवाओं की उत्साही टोली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 2 जनवरी। अंधकार को क्यों धिक्कारें, अच्छा है एक दीप जलाएं। इस भावना के साथ मां दंतेश्वरी की धार्मिक नगरी में स्थानीय उत्साही लोगों की एक टोली ने शक्तिपीठ के ठीक सामने वाले डंकनी सेतु को संवारने का काम हाथ में लिया है। यह टोली रोजाना सुबह 5 बजे से पुल पर पहुंचकर रेलिंग की साफ-सफाई और रंग-रोगन में जुट जाती है। इन दिनों पड़ रही कड़ाके की सर्दी भी इनके उत्साह को कम नहीं कर पा रही है।

इस टोली में महिला-पुरूषों के साथ ही बच्चे भी शामिल हैं, जो बिना किसी शोरगुल के अपने काम में जुटे रहते हैं। करीब 25 दिनों से यह काम अनवरत जारी है। पहले चरण में इस 120 मीटर लंबे पुल की एक तरफ की रेलिंग को सफाई के सफेद रंग से पोत लिया गया है। इसके बार रेलिंग के पिलरों को पीले रंग वाले बैकग्राउंड पर , स्तंभ की डिजाइन में चित्रित किया जा रहा है और आड़ी रेलिंग पर महाराष्ट्र में प्रसिद्ध वरली आर्ट की कलाकृति और अन्य लोक चित्रकला को अंकित कर रहे हैं।

स्लोगन के जरिए संदेश

पुल को दंतेश्वरी सेतु का नाम दिया गया है और रेलिंग पर बीच-बीच में स्लोगन के जरिए इस पुल को स्वच्छ रखने की अपील भी लिखी जा रही है, ताकि पान-गुटखा खाकर पुल की रेलिंग पर थूकने वालों को आगाह किया जा सके। साथ ही कचरा नहीं फैलाने का अनुरोध भी किया जा रहा है। इस काम में लगी टीम के सदस्यों ने बताया कि भले ही यह पुल सरकारी हो, लेकिन लोग इस जगह पर खड़े होकर मां दंतेश्वरी मंदिर और भव्य कॉरीडोर की तरफ निहारते और तस्वीरें खिंचवाते हैं। इसीलिए यह जगह दंतेवाड़ा नगर की पहचान बन चुकी है। इस वजह से पुल को संवारने और साफ-सुथरा रखने का यह ख्याल मन में आया और काम शुरू किया गया है।

बगैर किसी सरकारी मदद के चल रहा काम

खास बात यह है कि रंग-रोगन व चित्रकला का यह कार्य बगैर किसी सरकारी मदद के स्वयं के व्यय से किया जा रहा है। श्रमदान के जरिए सेवा में जुटी इस टोली के लगन व उत्साह को देखते हुए नगर के कुछ सेवा भावी लोग अपनी तरफ से पेंट, वार्निश उपलब्ध करवाने लगे हैं।

नये साल के पहले दिन अधिकारी पहुंचे स्कूल न्योता भोज में बच्चों के साथ किया भोजन

रायगढ़, 2 जनवरी। नये साल के पहले दिन खरसिया एसडीएम डॉ.प्रियंका वर्मा सहित खरसिया अनुविभाग के अन्य जिला स्तरीय अधिकारी विकासखण्ड खरसिया के विभिन्न स्कूलों में बच्चों के बीच पहुंचे। अधिकारियों ने स्कूलों में न्योता भोज में बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पामगढ़ तहसील खरसिया में स्कूल का निरीक्षण किया जहां उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई का महत्व बताते खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों को फील्ड निरीक्षण के दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी एवं छात्रावासों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए हुए है। उक्त निर्देश के परिपालन में खरसिया ब्लॉक में अधिकारियों ने स्कूलों में बच्चों से पढ़ाई-लिखाई का फीडबैक लिया। अधिकारियों ने विद्यालय का स्तर, शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, अध्यापन की स्थिति, समय-सारिणी के आधार पर पीरियड का संचालन, विद्यालय में टीएलएम की उपलब्धता, विद्यालय में स्मार्ट क्लास के संचालन आदि स्थिति का अवलोकन किया।अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से परीक्षाओं को लेकर पढ़ाई-लिखाई से जुड़े सवाल जवाब किया। विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी नियमित अभ्यास के साथ करने और बिना किसी तनाव के परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही छात्रों से उनके लक्ष्य के बारे में भी पूछा और उसे पाने के लिए खूब मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने की बात कही। विद्यार्थी भी अधिकारियों को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर तहसीलदार श्री लोमस मिरी, सीईओ जनपद, नायब तहसीलदार बीईओ, बीआरसी, एसएडीओ, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी, आरईएस, फूड इंस्पेक्टर, पशु चिकित्सा विभाग, सीडीपीओ, सहायक कोषालय अधिकारी सहित खरसिया अनुभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय सरस मेला का शुभारंभ 3 जनवरी से

रायगढ़, 2 जनवरी। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में 3 जनवरी 2025 को क्षेत्रीय सरस मेला का उद्घाटन समारोह रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, खरसिया विधायक श्री उमेश पटेल, धरमजयगढ़ विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया, लैलूंगा विधायक श्रीमती विद्यावती सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल एवं महापौर नगर निगम श्रीमती जानकी काटजू उपस्थित रहेंगी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्षेत्रीय सरस मेला 2025 का आयोजन 3 से 12 जनवरी 2025 तक रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में होगा। क्षेत्रीय सरस मेला में महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। सरस मेला में राज्य के समस्त जिले के अलावा अन्य राज्य जैसे बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, गोवा, मध्य प्रदेश जैसे प्रदेश के महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य शामिल होंगे। सरस मेला में बिहान कार्यक्रम से जुड़े महिला स्व सहायता समूह के दीदियों के उत्पाद को बाजार प्रदान करना, स्वरोजगार के अवसर तैयार करना, साथ ही महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने हेतु अवसर प्रदान करना है।

स्व-सहायता समूह निर्मित उत्पादों की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

क्षेत्रीय सरस मेला में स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित विशिष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय, व्यंजन, खेलकूद जैसे फुगड़ी, रस्सा कस्सी, कबड्डी, खोखो, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, बैडमिंटन, बॉक्स क्रिकेट खेल खेले जाएंगे। विभिन्न विभागों के स्टाल के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रदर्शनी का आयोजन होगा। उक्त कार्यक्रम में 212 से अधिक स्टॉल लगाये जायेंगे। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिले एवं अन्य राज्यों के स्टाल लगेंगे। इन स्टॉलो में महिला स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, हथकरघा, मसाला साबुन, अगरबत्ती, बड़ी-पापड़ जैसे उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा।मिलेट्स उत्पाद एवं छत्तीसगढिय़ां व्यंजन के लगेंगे स्टॉल इस अवसर पर महिला स्व-सहायता समूह द्वारा खेल कूद के साथ-साथ बिहान के अन्य कार्यक्रम जैसे लखपति दीदी, ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान, मॉडल सीएलएफ, विपणन, ब्रांडिंग जैसे अन्य गतिविधियां किये जायेंगे। साथ ही मिलेट्स के उत्पाद एवं उसके खाद्य पदार्थो, छत्तीसगढिय़ा व्यंजन एवं अन्य राज्यों से आये समूहों के द्वारा वहां के स्थानीय खाद्य पदार्थो के भी स्टाल लगाये जायेंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुतिक्षेत्रीय सरस मेला के दौरान शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में सायंकालीन समय में सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे स्थानीय नृत्य, गायन, नाटक, सफलता की कहानियों का प्रदर्शन स्व-सहायता समूह के महिलाओं के द्वारा किया जाएगा।

तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर 16 चालान काटे गए

महासमुंद 2 जनवरी । राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया के निर्देशन एवं डीपीएम श्रीमती नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन व जिला नोडल अधिकारी (एनटीसीपी) डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से झलप में चालानी कार्यवाही की गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल के द्वारा चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में औषधि निरीक्षक श्री अखिलेश पांडेय द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में आने वाले विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध 06 अ नाबालिको के तंबाकू उत्पाद के उपयोग व बिक्री पर प्रतिबंध व धारा 06 ब शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध के अन्तर्गत कुल 16 चालान काटे गए।

मुख्यमंत्री साय की पहल पर नए वर्ष में मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

रायगढ़, 2 जनवरी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर शासकीय अस्पतालों में आम नागरिकों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर नए वर्ष की शुरूआत में ही चिकित्सा सुविधाओं की सभी लोगों को सुगम एवं सहज उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, यह प्रयास किया जा रहा है। स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना की सुविधा हेतु सभी तलों (फ्लोर)में कक्ष का शुभारंभ 1 जनवरी 2025 को किया गया है। वित्त मंत्री श्री ओ. पी.चौधरी ने स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम उपलब्धता हेतु किया जा रहे इस पहल का स्वागत किया है।

मेडिकल कालेज रायगढ़ के अधिष्ठाता डॉ.विनित कुमार जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.एम.के.मिंज के अनुसार इस सुविधा विस्तार से भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी सुविधा होगी। इससे अनावश्यक भीड़ एवं कतार का सामना नहीं करना पड़ेगा और समय की बचत होगी। पूर्व में यह सुविधा सिर्फ एमआरडी के रजिस्ट्रेशन ओपीडी काऊंटर के समीप ही उपलब्ध थी। अस्पताल अधीक्षक डॉ.एम के मिंज के अनुसार आयुष्मान योजना कक्ष के विस्तार के साथ ही चिकित्सालय में अब ओपीडी, आईपीडी मरीज के जाँच के लिये अलग से जाँच पर्ची कटवाने की आवश्यकता नहीं हैं। सभी जांच पूर्णत- निःशुल्क है। ओपीडी की 10 रुपये की पंजीयन पर्ची एवं आईपीडी मरीज के लिये 85 रुपये की पर्ची के अलावा अलग से पर्ची कटवाने की आवश्यकता नहीं हैं। इसके संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है।

इसके साथ ही एक नई पहल करते हुए चिकित्सालय में सुझाव एवं शिकायत पेटी (बॉक्स) की व्यवस्था की गई है । साथ ही वार्ड में भर्ती मरीज के इलाज के सम्बन्ध में प्रतिदिन चिकित्सा सामाजिक कार्यकर्ता और व्यावसायिक सलाहकार द्वारा फीडबैक लिया जा रहा है। सुझाव एवं शिकायत पेटी में प्राप्त पत्र एवं फीडबैक को अस्पताल प्रबंधन द्वारा समिति में रख कर उसका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

महतारी वंदन की राशि से पुष्पा कर रही है अपने पति की मदद

महासमुंद 2 जनवरी । महासमुंद अंतर्गत वार्ड नम्बर 04 की निवासी पुष्पा यादव को महतारी वंदना योजना का नियमित लाभ मिल रहा है। प्रतिमाह एक हजार रुपए मिलने वाली राशि से न केवल उनके दैनिक जीवन की जरूरतें पूरा हो रही है, बल्कि मासिक राशन खर्च के लिए भी मददगार साबित हो रहा है। पुष्पा ने बताया कि वे इस राशि का उपयोग अपने पति के बढाई व्यवसाय में उपयोग होने वाले सामग्रियों की खरीद के लिए भी कर रही है। इससे उनके मन सुकून के साथ एक नए आत्मविश्वास जागृत हुआ है। साथ ही अब उनके पति का व्यवसाय आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है। पुष्पा ने बताया कि जब भी वे अपने पति को परिश्रम करते देखती थी उनके मन में सहयोग की भावना जागृत होती थी लेकिन हाथ में पैसे नहीं होने के कारण वे सीधे मदद नहीं कर पा रही थी। महतारी वंदन की राशि मिलने से उन्होंने अपने पति के व्यवसाय के लिए कटर और रेंदा मशीन खरीदी जिससे उनके पति के बढ़ाई काम में गति आई। अब उनके पति गुणवत्तापूर्ण और तेज गति से कार्य करने में सक्षम हो गया है। उनके पति श्री संतोष यादव ने बताया कि महतारी वंदन योजना की राशि से मेरे व्यवसाय में गति आई है। अब मैं उसी सामग्री को कम समय में और सफाई के साथ बना लेता हूं। बेहतर काम करने के कारण अब मुझे काम की भी कमी नहीं रहती है। पुष्पा और उनके पति ने इस महत्वपूर्ण योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सहित शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

नवीन सुरक्षा कैंप की स्थापना की

बीजापुर,2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्रो में नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यो को गति प्रदान करने के उद्देश्य से श्री सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, जगदलपुर (छ0ग0), श्री राकेश अग्रवाल पुलिस महानिरीक्षक केरिपु रायपुर सेक्टर, श्री कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा, श्री सूरजपाल वर्मा उप महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स सेक्टर कोंटा, श्री डी. एस. नेगी केरिपु ऑप्स सेक्टर बीजापुर के मार्ग-दर्शन एवं डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर, श्री राजीव कुमार कमांडेंट 151 वाहिनी केरिपु, श्री अमित कुमार कमांडेंट 202 कोबरा, श्री संतोष कुमार मल्ल कमांडेंट 204 कोबरा, श्री देवेन्द्र सिंह कमांडेंट 207 कोबरा के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित ''नियद नेल्ला नार÷ योजना के तहत माओवादियों के पीएलजीए बटालियन नम्बर 01 के कोर क्षेत्र में दिनांक 31/12/2024 को नवीन सुरक्षा कैम्प ''कोरागुट्टा÷ स्थापित किया गया। यह कैम्प माओवादियो के पीएलजीए बटालियन के कोर क्षेत्र में स्थापित किया गया है एवं इसका उद्देश्य क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करना तथा आम जनों तक विकासात्मक कार्यों और मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है।कैम्प स्थापना के बाद से दिनांक 01/01/2025 को वर्ष के प्रथम दिवस में 25 वर्षों से बंद पड़े बीजापुर-तर्रेम- कोण्डापल्ली - पामेड़ मार्ग में आवागमन आम जनता के लिए बहाल हो गया है। तर्रेम से पामेड़ मार्ग पर सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। विदित हो कि पूर्व में आम लोगों को बीजापुर से पामेड़ जाने के लिए तेलंगाना राज्य के चेरला से होते हुए लगभग 210 कि.मी. की लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जो अब इस मार्ग के खुलने से यह दूरी लगभग 100 कि.मी. कम हो गई है।क्षेत्र में सड़क मार्ग का विस्तार और पुलों का निर्माण किया जाएगा ताकि आम जनता को आसानी से आवागमन की सुविधा मिल सके। क्षेत्र में बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि लोगों को इन मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। क्षेत्र में पीडीएस दुकानें खोली जाएंगी ताकि लोगों को राशन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुविधा उनके गांव में ही मिल सके। क्षेत्र में अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को मोबाइल सेवाओं का लाभ मिल सके। नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना से क्षेत्र के आम-जनों में खुशी का माहौल बना हुआ है।

भाजपा जिलाध्यक्ष के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नहीं आये बीजापुर

बीजापुर,2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष पद को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है।वहीं संगठन ने बीजापुर जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए प्रदेश कार्यालय में रायशुमारी के नाम पर गुप्त रूप से दावेदारी भी करवा दिया गया है।बताया जा रहा है,किभारतीय जनता पार्टी संगठन के जिलाध्यक्ष के चुनाव बीजापुर पर्यवेक्षक के द्वारा षडयंत्रपूर्वक एक पक्षीय कार्यवाही करते हुऐ कुछ एक पैनल के दावेदारो को रातरातों 500 कि मी दूर प्रदेश कार्यालय में गुप्त रूप से बुलवाकर रायशुमारी के नाम से दावेदारी करवा लिया है।जिसमें पांच से छः दावेदारी - दावेदार कर पाये है।जबकि पार्टी संगठन के नियमानुसार पर्यवेक्षक को जिला कार्यालय बीजापुर पहुंचकर आम राय से पैनल बनाकर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करना चाहिए था ।लेकिन जिससे कर्मठ योग्य पुराने कार्यकर्ता अध्यक्ष पद से वंचित रह गये है।जिसके चलते जिले के सैकड़ों कार्यकर्ताओ में नाराजगी देखी जा रही है।वही योग्य एवं पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता पर्यवेक्षक की दूषित के प्रक्रिया के कारण षडयंत्र के तहत संगठन चुनाव के स्वरूप को प्रभावित कर लाभ दिलवाने में लगे है।भाजपा जिलाध्यक्ष दूषित के चुनाव को रद् करते हैं हुऐ बीजापुर के जिला कार्यालय में चुनाव सम्पन्न कराने से सही और कर्मठ कार्यकर्ताओं को मौका मिल सकता है।गौरतलब है,कि पिछले दिनों केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बीजापुर जिले के घोर नक्सल प्रभावित गुडंम का दौरा कर चुके हैं।वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गृहमंत्री विजय शर्मा,अरूण साव के अलावा यहां नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में दौरा कर चुके हैं।लेकिन पर्यवेक्षक को बीजापुर में आकर जिलाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न कराने में अड़चनें क्यों हो रही है ,समझ से परे है ।जिससे राज्य स्तर के शीर्ष संगठन नेता एवं पदाधिकारी मे नाराजगी देखी जा रही है।

प्रत्येक सोमवार को ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित होगा जनदर्शन

बीजापुर,2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कमिश्नर बस्तर संभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय जनदर्शन के साथ-साथ अब ब्लॉक स्तर पर भी जनदर्शन आयोजित होगा आवेदक कलेक्टर जनदर्शन अथवा ब्लॉक स्तरीय जनदर्शन में अपनी स्वेच्छानुसार आवेदन दे सकेंगे। ब्लॉक स्तरीय जनदर्शन में संबंधित अनुभाग एसडीएम आवेदकों से आवेदन लेकर उनका निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे। ब्लॉक स्तरीय जनदर्शन का समय प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक आयोजित होग। बीजापुर ब्लॉक हेतु जनदर्शन तहसील कार्यालय बीजापुर में आयोजित होगा। इसी तरह भैरमगढ़ ब्लॉक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में संचालित होगा। भोपालपटनम एवं उसूर में भी एसडीएम कार्यालय में जनदर्शन का आयोजन एसडीएम की उपस्थिति में संचालित होगा। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम श्री जागेश्वर कौशल द्वारा दी गई है।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने कार्यालय के विभिन्न कक्षों का किया औचक निरीक्षण

बीजापुर,2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने कलेक्टर कार्यालय के विभिन्न कक्षों कलेक्टर कोर्ट, एसडीएम कोर्ट, लोक सेवा केन्द्र, राहत शाखा, आरटीओ, कोषालय, वित्त स्थापना शाखा, जिला निर्माण शाखा, विडियो कांफ्रेस रूम, प्रतीक्षा कक्ष, सभाकक्ष, डिप्टी कलेक्टर के कक्षों सहित विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। कोर्ट में संविधान के प्रस्तावना का प्रदर्शन बोर्ड दीवार पर लगाने, सूचना पटल पर वैद्यता तिथि पूर्ण हो चुके सूचनाओं को हटाने सूचना पटल में पर्याप्त रौशनी और सभी को सुगमतापूर्वक दिखे, प्रतीक्षा कक्ष में शासन की योजनाओं पर आधारित पत्र-पत्रिका रखने सहित विभिन्न कक्षों में अपलेखन योग्य सामग्रियों का अपलेखन शीघ्र कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यो से अवगत होकर शनिवार अवकाश के दिन कार्यालय में उपस्थित होकर स्वच्छता हेतु श्रमदान करने कार्यालय को साफ-सुथरा रखने एवं फाईलों का व्यवस्थित एवं समुचित रख-रखाव करने की समझाइस दी।इस दौरान परिवहन कार्यालय द्वारा अतिरिक्त कक्ष की मांग पर उन्हे अतिरिक्त कक्ष प्रदाय करने के निर्देश दिए। वहीं रोजगार कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अधिक से अधिक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल उपस्थित थे।

एक नजर

पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत भरे गये आवेदन में कर सकते हैं सुधार

बलौदाबाजार, 1 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार की पी.एम.विश्वकर्मा अनुभाग द्वारा पी.एम. विश्वकर्मा पोर्टल में हुए परिवर्तन के संबंध में अपडेट किया गया है। अपडेट उपरांत आवेदक पी.एम. विश्वकर्मा पोर्टल में लॉगिन कर आवेदन की अद्यतन स्थिति व निजी जानकारी जैसे नाम, पता एवं बैंक आई.एफसी. कोड इत्यादि डाटा में परिवर्तन अपने स्तर पर कर सकते हैं।

आयुष्मान कार्ड बनाने वाले कर्मचारियों को पांच माह से नहीं मिला मानदेय का भुगतान

कोरबा, 2 जनवरी। स्वास्थ विभाग में आयुष्मान कार्ड बनाने वाले कर्मचारियों को विगत पांच माह से मानदेय का भुगतान कंपनी के द्वारा नही किया गया है जिसके कारण उन्हें जीवकोपार्जन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ विभाग के द्वारा थ्च्च्स् कंपनी को आयुष्मान कार्ड बनाने का अनुबंध किया गया है उसके कर्मचारियों द्वारा कैंप लगाकर दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया जाता है जिसके लिए थ्च्च्स् कंपनी उन्हें मानदेय का भुगतान करती है लेकिन कंपनी के द्वारा कार्यरत कर्मचारियों को विगत पांच माह भुगतान नही किया गया है।

ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी सवार की मौत, भीड़ ने ट्रक में लगाई आग

कोरबा, 2 जनवरी। राताखार से दर्री जाने वाले बायपास मार्ग पर एक ट्रक चालक ने स्कूटी सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। गुस्साई भीड़ ने मौके पर ट्रक में आग लगा दी और सड़क पर जाम लगा दिया। इसके अलावा, लोगों ने अन्य वाहनों को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। घटना से क्षेत्र में तनाव फैल गया है। जानकारी के अनुसार जल रहे ट्रक में कोयला लोड है और ट्रक लोगो की भीड़ को हटाने पुलिस को मशक्कत का समाना करना पड़ रहा है ऐसे में कोई बड़ी दुर्घटना की संभावना बन रही है, कोरबा जिले के विभिन्न थाना चैकी से पुलिस बल मौके पर पहुंच गई है।

कोरबा समेत 10 नगर निगमों में प्रशासकों की नियुक्ति, अधिसूचना जारी

कोरबा, 2 जनवरी। छत्तीसगढ़ सरकार ने कोरबा समेत 10 नगर निगमों में प्रशासकों की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। इन निगमों की निर्वाचित परिषद का कार्यकाल अलग-अलग तारीखों में समाप्त हो रहा है। परिषद का कार्यकाल समाप्त होते ही, दूसरे दिन से प्रशासक अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रशासकों की यह नियुक्ति तब तक जारी रहेगी जब तक नई निर्वाचित परिषद का गठन नहीं हो जाता। प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

एचटीपीएस से सेवानिवृत्त हुए कनिष्ठ पर्यवेक्षक को दी गई भावपूर्ण विदाई

कोरबा, 2 जनवरी। हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम से दिसंबर माह में कनिष्ठ पर्यवेक्षक महोदधि प्रसाद निर्मलकर सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति हो रहे कर्मचारी को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया। मुख्य अभियंता के हाथों सेवानिवृत्ति कर्मचारी को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके स्वैन, एमके गुप्ता, पीके मलघानी और केएनबी राव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

निधन

संतोष अग्रवाल

तिल्दा-नेवरा, 2 जनवरी। तिल्दा-नेवरा के प्रतिष्ठित परिवार अग्रवाल आभूषण के संचालक

संतोष अग्रवाल का आकस्मिक निधन हो गया है 57 वर्ष की उम्र में तिल्दा नेवरा अंचल में लोक प्रिय थे ये मनोज अग्रवाल मुकेश अग्रवाल के भाई एवम् गौरव एवम् आशु के पीता थे एवम् मयंक के ताऊजी थे इनकी अंतिम यात्रा तीन जनवरी को 9 बजे निवास स्थान से निकाली जावेगी। अग्रवाल छात्र नेता के साथ साथ सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। नगर में सुबह अग्रवाल के निधन से नगर में शोक व्याप्त है नागरिक ओर गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। भगवान से प्राथना है कि अपने चरणों में स्थान दे।

जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने नए साल के पहले ही दिन उप मुख्यमंत्री अरुण साव उतरे फील्ड पर

अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज योजना से 50 गांवों में पहुंचेगा पेयजल

- अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना का काम देखा
- इंटेकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 2 जनवरी। किरवई, तोरा एवं खंडूवा में इंटेकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का किया डिप्टी सीएम साव ने औचक निरीक्षण किया।

उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने जल जीवन मिशन के कार्यों को गति देने नए साल के पहले ही दिन फील्ड पर उतरे। वे आज बुधवार को सिमगा विकासखंड अंतर्गत अगमधाम-खंडवा में मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना का काम देखने पहुंचे। उन्होंने दामाखेड़ा के पास ग्राम तोरा में शिवनाथ नदी के चक्रवाय एनीकट पर योजना के लिए तैयार हो रहे इंटेकवेल और ग्राम किरवई में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों कार्यों के निर्माण में तेजी लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक, जल जीवन मिशन के संचालक सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा भी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री साव ने अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज योजना के इंटेकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने किरवई में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की ड्राइंग-डिजाइन देखकर जल शोधन की प्रक्रिया समझी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से निर्माण कार्यों में उपयोग हो रहे सामग्रियों एवं निर्माण की गुणवत्ता की टेस्टिंग के बारे में पूछा। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को दोनों साइट्स का नियमित भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साव ने निर्माण एजेंसी से कहा कि इस पूरे क्षेत्र में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए यह एक बड़ी और महत्वपूर्ण योजना है। इससे 50 गांवों को पेयजल मिलेगा। इसके सभी घटकों का काम अच्छा होना चाहिए। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने और गांवों में टंकी निर्माण के कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली।

अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना से सिमगा विकासखंड के 50 गांवों के 15 हजार से अधिक परिवारों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। शिवनाथ नदी पर तोरा गांव में बने चक्रवाय एनीकट से पानी लेकर गांव-गांव में निर्मित पानी टंकियों के माध्यम से हर घर में नल से जल की आपूर्ति की जाएगी। करीब 75 करोड़ रुपए लागत की इस योजना का 40 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। योजना का काम इस साल जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

समाचार संक्षेप

डिप्टी सीएम साव तुलसी पहुंचे

ग्रामवासियों व तिवारी परिवार को दी नववर्ष की बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 2 जनवरी। उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने आज दोपहर विकासखंड सिमगा के ग्राम किरवई एवं तोरा में निर्माणाधीन फिल्टर प्लांट कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे।

इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन है जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों के घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री साव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा सिमगा भाजपा मंडल के अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी के निवास ग्राम तुलसी पहुंचे। जहां उन्होंने तिवारी परिवार एवं ग्रामवासीयों को नव वर्ष की बधाई देते हुए सुख समृद्धि की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आनंद यादव, धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी, छोटू यादव, सूर्यकांत ताम्रकार, परस पाटकर, राजेश सिंह, कमलेश साहू, प्रेमनाथ देवांगन, आजू राम निषाद, डीपी निषाद, ठाकुर साहू, दुलार साहू, परमानंद देवांगन, मथुरा साहू, भागवत यादव, सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जिला पंचायत में शासकीय विभागों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

कोरबा, 2 जनवरी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग की उपस्थिति में विगत दिवस जिला पंचायत के सभागार में कर्मदक्ष संस्था के द्वारा हाई इंपैक्ट मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट फेस 2 छत्तीसगढ़ के तहत शासकीय विभागों के साथ जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में बताया गया कि हाई इंपैक्ट मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट फेस 2 छत्तीसगढ़ परियोजना के तहत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को वाटरशेड दृष्टिकोण से देखते हुए ग्रामीणों के जीवन स्तर, आजीविका, जंगल, जल एवं मृदा संरक्षण के कार्यों को मनरेगा से करने में तकनीकी मार्गदर्शन कर्मदक्ष संस्था द्वारा प्रदान किया जाएगा। महिलाओं की भागीदारी के साथ-साथ तकनीकी रूप से क्षमतावर्धन करना और महिला मेट व रोजगार सहायिका को सशक्त करना, महिला उत्पादक समूह और कृषि क्लस्टर के द्वारा एकत्रीकरण एवं बाजार से लिंक करना, आदि कार्यों में सहयोग कर्मदक्ष संस्था के द्वारा किया जाएगा।

कार्यशाला में सभी विभागों के साथ विस्तृत कार्य योजना बनाने की चर्चा की गई जिसमें मनरेगा के साथ सभी डिपार्टमेंट अपने-अपने विभागीय योजनाओं के साथ अभिसरण कर सकेंगे। उद्यानिकी विभाग से जानकारी दी गई कि सवा एकड़ से 5 एकड़ के बीच वृक्षारोपण के लिए योजना तैयार की जा सकती है। उन्मुखीकरण कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, वन परिक्षेत्र अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी वन विभाग कोरबाध्कटघोरा, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जिला कोरबा, उपसंचालक कृषि विभाग, सहायक संचालक उद्यान विभाग, डीपीएम एनआरएलएम, कार्यक्रम अधिकारी क्रेडा,सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत कोरबा,पोंडी उपरोड़ा, बीपीएम एनआरएलएम, सहायक संचालक मत्स्य पालन विभाग,सहायक संचालक पशुपालन विभाग,सीएफ्मी एक्सपर्ट सहित कर्मदक्ष संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

एबीवीटीपीएस से सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता एवं अनुभाग अधिकारी को दी गई विदाई

कोरबा-जांजगीर, 2 जनवरी। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा से दिसंबर माह में अधीक्षण अभियंता शेख रहीम बख्श एवं अनुभाग अधिकारी नारायण सिंह सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया। मुख्य अभियंता के हाथों सेवानिवृत्ति अधिकारियों को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी द्विवेदी, आरके साव, एन. लकरा एवं एके शाह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कांफ्रेंस हाल में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अभियंता एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले दो गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 2 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आरोपियों द्वारा ग्राम कौहाकुडा में सब्जी बेचने की बात को लेकर अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चाकू से हमला किया। 28 दिसम्बर को प्रार्थी ओमप्रकाश पैकरा निवासी ग्राम जोगीडीपा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया की सब्जी बेचने की बात को लेकर इसके पिताजी रामकुमार पैकरा को आरोपियों द्वारा अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से सीने एवं पेट में वारकर प्राणघातक चोंट पहुंचाए हैं। कि रिपोर्ट पर चौकी सोनाखान थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 605/2024 धारा 109, 296, 351(3), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में चौकी सोनाखान पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा सब्जी बेचने की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी के पिताजी को चाकू से वारकर प्राणघातक चोंट पहुंचना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को 29 दिसम्बर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम शिव शंकर यादव (26) निवासी कौहाकुडा चौकी सोनाखान, हेमंत कुमार यादव (22) निवासी कौहाकुडा चौकी सोनाखान है।

अब जरूरत के समय अपने बेटे के पढ़ाई के लिए पैसा भेज पाती है बालकुँवर

कोरबा, 2 जनवरी। वैसे तो माँ की ममता अपने हर बेटों के लिए सदैव न्यौछावर होती है पर गरीबी से जूझ रही जब कोई माँ जरूरत के समय अपने बेटे का सहयोग न कर पाए तो निश्चित ही हर माँ का कलेजा कचोटता होगा..कुछ ऐसी ही स्थिति बालकुँवर की तब हो जाती थीं जब उसके हाथ में पैसे नहीं होते थे और घने जंगल से दूर उनका बेटा शहर में जाकर पढ़ाई करते हुए कुछ पैसे मांगता था। बेबस माँ चाहकर भी अपने बेटे की मदद नहीं कर पाती थीं। अब जबकि महतारी वंदन योजना से हर महीने बालकुँवर के खाते में एक हजार आता है तो वह कुछ बचत कर शहर में पढ़ाई कर रहे अपने बेटे को कुछ रुपये भेज पाती है। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत मेरई के आश्रित ग्राम धनवारा की रहने वाली बालकुँवर ने बताया कि जंगल में उनके पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है। कभी-कभी ही मजदूरी का काम मिल पाता है। उनके पति रामायण सिंह भी घर के लिए बड़ी मुश्किल से राशि जुटा पाते हैं। उन्होंने बताया कि उनका एक बेटा सुखपाल सिंह कॉलेज की पढ़ाई करता है। वह विगत कई वर्षों से घर से बाहर ही पढ़ाई करता है। इससे पहले भी बड़ी मुश्किल से उसके लिए कुछ पैसे का बंदोबस्त हो पाया था। ठण्ड बढ़ने से जंगल से सूखी लकड़ी समेटकर घर को जाती हुई बालकुँवर बताती है कि कई बार आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से वह बेटे के लिए पैसे का इंतजाम नहीं कर पाती थी,जबसे वह महतारी वंदन योजना से जुड़ी है तबसे पैसों की समस्या कुछ हद तक कम हुई है। उन्होंने बताया कि पहले एक पैसा हाथ में नहीं था,इसलिए कई बार बेटे के पैसा मांगे जाने पर वह सहयोग नहीं कर पाती थी।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 2 जनवरी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ÷ऑपरेशन विश्वास÷ के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे 28 दिसम्बर को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 08 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 08 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 01, यातायात कसडोल 03 एवं यातायात भाटापारा द्वारा 02 एवं यातायात सिमगा द्वारा 02 चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।



16 साल बाद दूधिया रौशनी से जगमगा उठा स्टेडियम, रात्रिकालीन मैच देखने उमड़ पडे दर्शक

छुरा में राज्य स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा का समापन, भिलाई ने मारी बाजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 2 जनवरी। छुरा नगर मिनी स्टेडियम मे रविवार को राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता छुरा प्रीमियम लीग 2024 का समापन हुआ समस्त युवा साथी एवं नगरवासियों के सहयोग से आयोजित 6 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे रायपुर, भिलाई, कवर्धा, पाटन कुम्भली, महासमुंद, के साथ क्षेत्रीय टीमों ने भाग लिया था समिति द्वारा टूर्नामेंट मे प्रथम व द्वितीय पुरस्कार रखा गया था जिसमे सीरीज मे प्रथम पुरस्कार के रूप मे 1 लाख रुपया व ट्राफी व द्वितीय पुरस्कार के रूप मे 50, 000 हजार व ट्राफी दिया गया।

टूर्नामेंट मे भिलाई व पाटन कुम्भली के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मे जगह बनाई, रविवार को भिलाई और पाटन कुम्भली के बीच फाइनल मैच रात को दूधिया रौशनी मे खेला गया।

पाटन कुम्भली ने टास जीतकर भिलाई को पहले बेटिंग करने का मौका दिया भिलाई ने 10 ओवर 94 रन का स्कोर खड़ा किया वही कुम्भली को 10 ओवर मे 95 रन बनाना था लेकिन भिलाई के खिलाड़ियों ने शानदार बालिंग कर पाटन कुम्भली को 66 रन पर ही आल आउट कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता फाइनल मे जीत हासिल किया।

समिति द्वारा प्रथम स्थान पाने वाले भिलाई को 1 लाख रूपये नगद व ट्राफी

दिया गया द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली पाटन कुम्भली को 50, 000 हजार व ट्राफी प्रदान किया गया मैं आफद मैच व मैंन आफद सीरीज का इनाम भिलाई के आल राउंडर खिलाडी पीयूष को मिला पीयूष ने फाइनल मैच मे 52 रन के साथ एक ओवर मैडन फेककर 6 विकेट लिया खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिये समिति के सक्रिय सदस्य अंकुश ध्रुव ने समस्त सदस्यों के साथ सभी छुरा निवासीयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामवासी के सहयोग के बिना यह आयोजन सफल नहीं हो सकता था।

टूर्नामेंट को सफल बनाने मे प्रतीक शर्मा, अंकुश ध्रुव, शुभम कंसारी, अफजल खान, विकास देवांगन, जिंगेश, पोखराज, प्रतीक यादव, सोनू दीक्षित, राजीव यदु, शुभम तिवारी, आशीष टंडन, सूरज यदु, भोलू यादव, का योगदान रहा!

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन/फैक्स नं.-07856-252362, ई-मेल- eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सूचना क्रं./61/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2024 दन्तेवाड़ा, दिनांक 31.12.2024

//मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला दन्तेवाड़ा में कार्य हेतु मुहरबंद निविदा प्रपत्र 'अ' में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली में डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

सं.क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. लाख में	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि
1	विकास खण्ड कुआकोण्डा के रामाबुटी जलप्रपात से ग्राम कोडेनार के मुख्य टैंक तक पाईप लाईन विस्तार का कार्य।	14.66	21.01.2025

नोटः- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 21.01.2025 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है व सूचना फलक पर उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

जी-252505003/3

एक नजर

विवेकानंद आश्रम में होगा अखिलेश शास्त्री का प्रवचन

रायपुर, 2 जनवरी (मुख्य नगर संवाददाता)। रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम रायपुर में विवेकानंद जयंती समारोह के अवसर पर 2 से 8 जनवरी तक श्रीमद्भागवत प्रवचन होगा। प्रवचनकार अखिलेश शास्त्री वृंदावन से आज पहुंच गए हैं। 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जागा। इसके पश्चात स्वामी विवेकानंद जी का 163वीं जयंती समारोह 21 जनवरी को होगा। मिशन के प्रमुख ने भक्तों से बड़ी संख्या में आने का अनुरोध किया है।

ईंट से हमला कर बुजुर्ग की हत्या

रायपुर, 2 जनवरी। ग्राम कांदुल में ईट पत्थर से हमला कर बुजुर्ग की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजकुमार शर्मा 60 वर्ष हाऊसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार का रहने वाला था। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने राजकुमार शर्मा को ईट से मारकर सीने व चेहरा पर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रेलर चालक से 35 हजार की लूट

रायपुर, 2 जनवरी। बिलासपुर हाइवे बाईपास रोड में बाइक सवार अज्ञात तीन युवकों ने एक ट्रेलर चालक से 35 हजार लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मानाराम चौधरी 21 वर्ष राजस्थान का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत कि वह अपनी ट्रेलर को बिलासपुर हाइवे बाइपास में खड़ी किया था, तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएस 0919 से तीन अज्ञात युवक आए और प्रार्थी से जेब में रखे 35 हजार रुपए लूटकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

फर्जी बिल से 45 लाख का गबन, जुर्म दर्ज

रायपुर, 2 जनवरी। फर्जी बिल से 45 लाख का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सतीश सिंगौर 30 वर्ष जोरा लाभांडी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अमित अग्रवाल ने नेशनल कॉर्पोरेट जीई रोड सेक्टर नगर में काम करता है, ने फर्जी निर्माण संबंधी सामाग्री का फार्म अमन ट्रेडर्स खोलकर फर्जी तरीके से प्रार्थी के कंपनी से सामाग्री की मांग कर फर्जी बिल तैयार किया और कंपनी से 40 से 45 लाख का गबन कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

20 लाख के लोहे से भरा ट्रक लेकर चोर भागा

रायपुर, 2 जनवरी। रायपुर में चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। अब चोरों के हौंसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे सुनसान मकानों के साथ-साथ मुख्य सड़कों और पुलिस चौकियों के पास भी वारदात करने से नहीं हिचक रहे। ताजा मामला भनपुरी चौक के झाबक पेट्रोल पंप का है, जहां लोहे से भरा एक ट्रक चोरी हो गया। चोरों ने बड़ी चालाकी से ट्रक का ताला खोला और उसे स्टार्ट कर वहां से फरार हो गए। चोरी गए ट्रक में लगभग 20 लाख रुपये का लोहा भरा हुआ था। इस पूरी घटना की तस्वीरें पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गईं, जिससे पुलिस को मामले की जांच में मदद मिल रही है। गुढ़ियारी थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज की गई है, और पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। रायपुर में इस तरह की बढ़ती घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस से इस तरह की वारदातों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

नगरीय निकाय चुनाव होंगे निर्धारित समय पर : साय

» महापौरों का आरक्षण होगा 7 जनवरी को » प्रशासक बिठाने के पीछे शीघ्र चुनाव कराना उद्देश्य

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 2 जनवरी। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सभी कांग्रेस के दावों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव निर्धारित समय पर होंगे। इसलिए चरणबद्ध ढंग से नगरीय निकायों में प्रशासक बैठाया जा रहा है। प्रशासक बैठते ही अब सभी पार्षदों की भूमिका समाप्त हो जाएगी। उन्हें पार्षद निधि मिलना बंद हो जाएगा।

राज्य में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर शंकाओं का दौर चल रहा है। इसका मुख्य कारण आरक्षण को लेकर तिथियां बदली जा रही है। अब महापौरों का आरक्षण 7 जनवरी को होगा। सुप्रीम कोर्ट और आयोग के निर्देशानुसार 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। यह प्रक्रिया 15 जनवरी तक चलेगी। नगरीय निकाय विभाग द्वारा नगर निगम, पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के पार्षदों का आरक्षण वार्डवार तय कर दिया गया है। प्रदेश में 14 नगर निगम हैं। इनमें से 10 में चुनाव होगा इसलिए पांच जनवरी के पश्चात जिस नगर निगम का कार्यकाल समाप्त होता जाएगा वहां पर प्रशासक बिठा दिए जाएंगे। वर्तमान आयुक्त को ही प्रशासक का दायित्व दिया जाएगा। लेकिन कलेक्टरों को एमआईसी का अधिकार प्राप्त होगा। इस संबंध में शासन द्वारा अभी स्थिति और स्पष्ट कर दी जाएगी।

पार्षद निधि हो जाएगी बंद

नगर निगम के पार्षद श्रीकुमार मेमन का कहना है कि हमारा कार्यकाल समाप्त होते ही हम भूतपूर्व हो जाएंगे लेकिन जनता के बीच रहेंगे। वार्डों में सफाई, विकास, निर्माण कार्य एवं सरकार की महत्वाकांक्षी राजनीतिक योजनाओं पर निगरानी रखेंगे। पतिवर्ष हमें 6 लाख रुपए पार्षद निधि के रूप में मिलता था वह मिलना बंद हो जाएगा। माधवराव सप्रे वार्ड के पार्षद वीरेन्द्र देवांगन ने कहा कि पार्षद की वार्ड के विकास में अहम भूमिका होती है। चूंकि पार्षद जनता के द्वारा चुना जाता है। यहां पर प्रशासक बिठा दिए जाने पर नौकरशाही हावी हो जाएगी। सभापति एवं महापौर का भी कहना है कि जनता को अपने विभिन्न कामों में परेशानी आएगी।

ठेला-खोमचों वालों पर गिरेगी गाज

राजधानी में निर्वाचित सभा के कार्यकाल समाप्त होने के पहले ही अब सभी जोन स्तर पर ठेला-खोमचा लगाकर जीवनयापन करने वाले गरीबों पर गाज गिरना शुरू हो गया है। जोन क्रमांक 5 के द्वारा आमानाका से लेकर आमापारा तक सड़क पर रखे होर्डिंग्स, ठेलों एवं फल वालों को हटाया जा रहा है। एनआईटी के सामने छोटा व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को भी परेशान किया जा रहा है। जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत आमापारा से लेकर अग्रसेन चौक तक तथा अग्रसेन चौक से लेकर चौबे कालोनी तक अवैध कब्जे हटाए जा रहे हैं। समता कालोनी में सड़क व नाली का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जोन क्रमांक 4 द्वारा जयस्तंभ चौक से लेकर शास्त्री चौक तक फल व कपड़ा व्यवसायियों के होर्डिंग्स हटाए जा रहे हैं। जोन क्रमांक 10 के अंतर्गत भी यह कार्रवाई चल रही है।

जिला स्तर पर हो महापौरों का आरक्षण

नगरीय निकाय चुनाव के नोडल अधिकारी पुलक भट्टाचार्य ने बताया कि प्रदेश के सभी 14 नगरीय निकायों के लिए महापौरों का आरक्षण किया जाएगा। जिला स्तर पर नगर पालिका एवं नगर पंचायतों का आरक्षण होगा। राज्य में नगर निगम में कलेक्टरों, पालिका में एसडीएम तथा नगर पंचायतों में तहसीलदार को बतौर प्राधिकृत अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जा रहा है।

राजनीतिक कवायद तेज

प्रदेश में कांग्रेस कमेटी द्वारा घर वापसी कार्यक्रम पर मंथन चल रहा है। पार्षद पद पर रहकर बगावत करने वाले अजीत कुकरेजा की घर वापसी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पीसीसी प्रवक्ता ने अभी तक इस संबंध में कोइ जानकारी नहीं दी है। इसमें कई पूर्व विधायकों का भी नाम शामिल है। बताया जाता है कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव हारने के बाद अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को हटाने के संबंध में कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहती जिसके कारण विपरीत परिणाम भी आ सकते हैं।

नए साल में साय सरकार के मंत्रिमंडल में जुड़ेंगे नए चेहरे बदलेगा राजनीतिक समीकरण

रायपुर, 2 जनवरी। नए वर्ष में प्रदेश के राजनीतिक समीकरण में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के मंत्रिमंडल में नए विधायकों को जगह मिलने से नया राजनीतिक समीकरण बनेगा। हरियाणा की तर्ज पर प्रदेश में भी 14 मंत्री बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगी तो साय सरकार के मंत्रिमंडल में तीन नए चेहरों को मौका मिलेगा। अभी प्रदेश की 90 सीटों वाली विधानसभा में 15 प्रतिशत के हिसाब से 13.5 प्रतिशत विधायकों को ही मंत्री बनाने का प्रविधान है। हालांकि हरियाणा में भी भाजपा सरकार है और वहां भी विधानसभा में कुल 90 सीटें हैं, इसके बावजूद वहां पर 14 मंत्री बनाए गए हैं।

अभी साय मंत्रिमंडल में 11 मंत्री हैं: ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में भी हरियाणा फार्मूला चल सकता है। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर सांसद बनने के बाद साय मंत्रिमंडल में अभी 11 मंत्री हैं। मंत्रिमंडल के अलावा साय सरकार 33 निगम मंडलों में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और सदस्यों की भी नियुक्ति करेगी। इसी तरह विधानसभा में उपाध्यक्ष और कांग्रेस की तरफ से उप नेता प्रतिपक्ष बनाने की भी कवायद हो सकती है।

नगरीय निकाय चुनाव

सोशल मीडिया पर कांग्रेस के स्वयंभू दावेदारों की बाढ़, खुद को बताने लगे प्रत्याशी

रायपुर, 2 जनवरी। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा से पहले कांग्रेस में दावेदारी की होड़ मची हुई है। कार्यकर्ता सोशल मीडिया में पोस्ट कर दावेदार लड़ना तय लिख रहे हैं। वहीं दावेदारों के बागी रुख के बीच विकास उपाध्याय ने चिट्ठी लिखी है। कार्यकर्ताओं को पत्र लिखकर क्क्क्क पर आरोप लगाते हुए कहा कि, भाजपा, कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के खिलाफ खड़ा करने में लगी है। राजनितिक लाभ लिए ये लोग क्क्क्क के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी को कमजोर बनाने के लिए ऐसा काम करते हैं।

पूर्व कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए लिखा कि, नगर निगम चुनावों का आगाज हो गया है। क्क्क्क की आई.टी. सेल एवं उनके लोग षडयंत्रपूर्वक हमारे संभावित उम्मीदवारों के खिलाफ अभियान चला रहे है ताकि उनके ज्यादा पार्षद जीत सके एवं महापौर उनका बन सके। उनके इस कृत्य में 5 साल हमारी कांग्रेस सरकार में आर्थिक एवं राजनितिक लाभ लिए पार्टी कों कमजोर करने का षडयंत्र करते है। इनमें से कुछ लोगों के खिलाफ भाजपा सरकार में आर्थिक अपराध की जांच हुई है एवं उस जांच में दोषी होने की कार्यवाही से बचने में भाजपा का साथ दे रहे है।

भाजपा पर लगाया षडयंत्र का आरोप : पोस्ट करने वाले लोग भाजपा के इशारे और उनके बनाये योजना के तहत हर वार्ड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भड़काने का षडयंत्र में शामिल है। ये लोग हमारे मजबूत उम्मीदवारों को कमजोर करने हर संभव साजिश कर रहे है। एवं इसके लिए झूठ, प्रपंच और जालसाजी भी कर रहे है। उन्होंने आगे लिखा कि, ये लोग हर वार्ड में कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी के खिलाफ खड़े करने का प्रयास कर रहे है।

अंधविश्वास के कारण जीभ काटने, अंग-भंग करने, बलि की घटनाएं बढ़ी : डॉ दिनेश मिश्र

रायपुर, 2 जनवरी। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा सक्त्ती जिले में मन्दिर में जीभ काटकर चढ़ाने का मामला सामने आया है. डभरा ब्लॉक के ग्राम देवरघटा में शिव मंदिर में एक 16 साल की लड़की ने शिवलिंग पर अपनी जीभ काटकर चढ़ा दिया. लड़की को देखने के लिए ग्रामवासी और आस पास के लोगों भीड़ जुट रही है. यह मंदिर देवरघटा के सोंठी पारा में स्थित है.

इसके पहले पिछले दिनों बलरामपुर जिले के एक व्यक्ति कमलेश नगेशिया ने अपने 4 वर्ष के बच्चे की बलि दे दी उसके कुछ दिनों पहले नवरात्रि में भी कोरिया जिले में एक धनेश्वर नामक बालक की बलि का मामला सामने आया था अंधविश्वास के कारण यह घटनाएं अत्यंत दुखद है ग्रामीणों को अंधविश्वास नहीं करना चाहिए एवं कानून को हाथ में नहीं देना चाहिए

डॉ दिनेश मिश्र ने कहाअंधविश्वास में पड़ कर व्यक्ति मानसिक रुप में असंतुलित हो जाता है और वह मिथकों पर पूरी तरह भरोसा करने लगता है, कही सुनी किस्से कहानियां, भ्रामक खबरें अफवाहें उसे और भी भ्रमित कर देती हैं और वह अपराध कर बैठता है .

डॉक्टर दिनेश मिश्र ने कहा लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने की आवश्यकता है जिससे लोग सुनी सुनाई घटनाओं अफवाहें और भ्रामक खबरों पर भरोसा ना करें और अंधविश्वास में ना पड़े

डॉ दिनेश मिश्र ने कहा कुछ मामलों में व्यक्ति किसी इष्ट देवी, देवता, का सपना आने और सपने में बलि मांगने की बात भी कहते हैं और कहते हैं कि उन्होंने उनके आदेश पर किसी की बलि /कुर्बानी दे दी है जबकि लोगों को यह सोचने की आवश्यकता है कि किसी की जान लेकर कर कोई भी व्यक्ति सफल नहीं हो सकता और उसे अपराध करने के करण अंततः जेल जाना पड़ता है. डॉ दिनेश मिश्र ने कहा अंधविश्वास के करण जो व्यक्ति मानसिक उद्वेग में चला जाता है तब वह कई बार स्वयं के अंदर किसी अदृश्य शक्ति में प्रवेश होने की बात भी करता है तथा वह किसी के सपने में आने या किसी के आदेश देने या कानों में आवाज सुनाई पढ़ने ऐसी बातें भी करता है जबकि यह एक प्रकार का मानसिक विचलन का ही कारण है, यह एक प्रकार का मासिक संतुलन का प्रतीक है और बहुत सारे लोग बहुत संवेदनशील होते हैं और वह भावावेश में आकर कानून हाथ में लेते हैं, इनमें से कुछ लोग सार्वजनिक रुप से भी असंतुलित व्यवहार भी प्रकट करते हैं जैसे झूमना, बड़बड़ाना मारना पीटना आदि।

अतुल मलिकराम को कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी से मिली डॉक्टरेट

रायपुर, 2 जनवरी। देश के शीर्ष राजनीतिक रणनीतिकारों में से एक अतुल मलिकराम को उनके उल्लेखनीय योगदान और विशेषज्ञता के लिए कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा डॉक्टर ऑफ पॉलिटिकल साइंस - स्पेशलाइजेशन इन पॉलिटिकल स्ट्रैटेजी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। मलिकराम को यह उपाधि उनके विशेष शोध इवोल्यूशन ऑफ पॉलिटिकल पार्टीजः मैनिफेस्टेशन इन हिंदी हार्टलैंड आफ्टर इमरजेंसी के आधार पर दी गई। इस शोध में उन्होंने आपातकाल (1975-77) के बाद हिंदी भाषी क्षेत्रों में राजनीतिक दलों के बदलते स्वरुप, उनकी विचारधारा और चुनावी रणनीतियों के बदलावों का विश्लेषण किया है। यह सम्मान नई दिल्ली के पांच सितारा जेपी सिद्धार्थ होटल में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। इस मौके पर खुशी ज़ाहिर करते हुए अतुल मलिकराम ने कहा, यह सम्मान मेरे लिए न केवल गर्व का विषय है, बल्कि यह मुझे राजनीतिक रणनीति के क्षेत्र में और अधिक समर्पण व नए विचारों के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। मेरी यह उपलब्धि उन सभी सहयोगियों को समर्पित है, जिन्होंने मेरे साथ मिलकर इस यात्रा को संभव बनाया। इस मौके पर खुशी ज़ाहिर करते हुए अतुल मलिकराम ने कहा, ÷यह सम्मान मेरे लिए न केवल गर्व का विषय है, बल्कि यह मुझे राजनीतिक रणनीति के क्षेत्र में और अधिक समर्पण व नए विचारों के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

जेम्स एंड ज्वेलरी व हॉलमार्किंग सेक्टर को इंडस्ट्रीज का दर्जा मिलने से व्यापार के नए आयाम खुलेंगे : गोलछा

उद्योग विभाग व छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के संयुक्त तत्वावधान में हुआ सेमीनार

रायपुर, 2 जनवरी। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि कल दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को उद्योग भवन रायपुर में उद्योग विभाग एवम् छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के संयुक्त तत्वाधान में सेमिनार का आयोजन किया गया।

चेंबर प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा ने बताया कि कल दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को उद्योग भवन रायपुर में उद्योग विभाग एवम् छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के संयुक्त तत्वाधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा

जेम्स एंड ज्वेलरी एवम् हॉलमार्किंग सैक्टर को इंडस्ट्रीज का दर्जा प्रदान करने तथा शासन की ओर से इस योजना में दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई।

श्री गोलछा ने आगे बताया की जेम्स एंड ज्वेलरी एवम् हॉलमार्किंग सैक्टर को इंडस्ट्रीज का दर्जा मिलने पर प्रदेश में इस क्षेत्र में और भी तेजी से विकास होगा, नए रोजगार का सृजन होगा जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, उद्योग विभाग से प्रभात मलिक (डायरेक्टर उद्योग विभाग छत्तीसगढ़), आलोक तिवारी, एस के सोनी, रायपुर गोल्ड स्मिथ एसोसिएशन अध्यक्ष महादेव बराल, सचिव अब्दुल वहाब एवं उपाध्यक्ष इस्माइल मलिक सहित व्यापारीगण उपस्थित रहे।

मोवा ओवरब्रिज 6 दिनों के लिए बंद

रायपुर, 2 जनवरी। राजधानी रायपुर स्थित मोवा ओवर ब्रिज 6 दिनों के लिए बंद रहेगा। अगर आप भी इस रोड से गुजरते हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, मोवा ओवरब्रिज का फ्लाइओवर का वजन बढ़ गया है। जिस वजह से मिलिंग मशीन से पीडब्ल्यूडी कि डामर की परतें उखाड़कर इसकी नए सिरे से डामरीकरण की जाएगी। जिसके चलते यह ब्रिज 3 जनवरी यानी कल से 8 जनवरी तक बंद रहेगा। जिसकों देखते हुए लोनिवि विभाग डामर की परत उखाड़कर ब्रिज की मरम्मत का काम करेगी। इस काम चलते वन-वे करने से ट्रैफिक फसेगा, और अंडरब्रिज में भी जाम लगेगा। ऐसे में पंडरी, मोवा, सद्दू की तरफसे आने वाली गाड़ियों को अंडर ब्रिज और देवेंद्र नगर मंडी गेट की ओर डायवर्ट किया जाएगा। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने कलेक्टर से अनुमति ली है।

■ व्यापारियों के अधिकारों और सम्मान के लिए होगी विशेष पहल, दिल्ली में 6-7 जनवरी को होने वाले राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन होंगे बड़े निर्णय

2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाएगा कैट : पारवानी

रायपुर, 2 जनवरी। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने वर्ष 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। कैट ने बताया कि यह वर्ष व्यापारियों के

अधिकारों, देश के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास में उनके योगदान, और उनकी समस्याओं को उजागर करने तथा उनके सम्मान को स्थापित करने के उद्देश्य से समर्पित होगा।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आगामी 6-7 जनवरी को दिल्ली में कैट एक राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित कर रहा है जिसमें देश के सभी राज्यों के 150 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेता शामिल होंगे और व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप देंगे। देश भर के 48 हज़ार से ज़्यादा व्यापारिक संगठन इस बृहद योजना के क्रियान्वयन में जुटेंगे।

श्री पारवानी एवं दोशी ने बताया की प्रारंभिक रूप से व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम की योजना बनाई गई है जिसमें विभिन्न कार्यक्रम होंगे जो निम्नानुसार है।

नववर्ष पर स्वरोजगार के लिए दिव्यांग रामभरोसा को मदद

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 2 जनवरी। दुर्घटना के कारण दिव्यांग हुए रामभरोसा निर्मलकर को नववर्ष के पहले ही दिन चरामेती फाउंडेशन ने नमकीन, पानी आदि के पाउच देकर स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया की रामभरोसा जी की पत्नी भी दिव्यांग है एवं उनके बच्चे पूर्व माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। रामभरोसा ने चरामेति फाउंडेशन के प्रति न केवल आभार व्यक्त किया अपितु इस लघु व्यवसाय को निरंतर जारी रखने की भी बात कही।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26